36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-228 | रायपुर, सोमवार 05 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

## फर्स्ट कालम

### जयपुर-मुंबई एअर इंडिया फ्लाइट का फ्यूल लीक हुआ, यात्रियों को दूसरे प्लेन से भेजा गया

जयपुर। राजस्थान के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-622 में फ्यूल लीकेज की वजह से टेकऑफ रोक दिया गया। यह फ्लाइट शाम 7ः55 बजे जयपुर से मुंबई के लिए रवाना होने वाली थी और एयरक्राफ्ट रनवे की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान तकनीकी सिस्टम में खराबी का अलर्ट मिला, इसके बाद पायलट और ग्राउंड स्टाफ ने तुरंत टेकऑफ रोक दिया। वहीं, सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें वापस टर्मिनल बिल्डिंग में ले जाया गया। अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जांच करने पर एयरक्राफ्ट के इंजन से फ्यूल लीकेज की पुष्टि हुई है।

### कर्नाटक में पुलिस ने 1-साल के बच्चे की बलि रुकवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में शनिवार को 1 साल के बच्चे की बलि दी जा रही थी। अज्ञात कॉलर ने पुलिस को कॉल कर इसकी जानकारी दी। बलि होने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंची और बलि रुकवाई। पुलिस के मुताबिक खजाने की तलाश में इस पूरी घटना को अंजान दिया जा रहा था। सैयद इमरान नाम के व्यक्ति के घर में ये बलि दी जा रही थी। पुलिस को घर से एक छोटा गड्ढा खुदा हुआ मिला। गड्ढे के पास से ही पूजा पाठ की सामान भी मिला।

### बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

**ढाका।** बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया। पूर्व पीएम शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50त्न से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत नामक संगठन के महासचिव भी हैं।

### पश्चिमी ईरान में प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में 3 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के पश्चिमी इलम प्रांत में शनिवार शाम विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई झड़पों में तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फ़ार्स ने जानकार सूत्रों के हवाले से दी। समाचार एजेंसी फ़ार्स ने कहा कि मालेकशाही काउंटी में दंगाइयों ने एक कानून प्रवर्तन केंद्र पर हमला करने की कोशिश की जिसके कारण सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़पें हुईं। इसमें सुरक्षा बलों का एक जवान और दो दंगाइ मारे गए जबकि कई अन्य घायल हो गए। इससे पहले शनिवार को, फ़ार्स न्यूज़ एजेंसी ने कहा था कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कोर से संबद्ध बासिज स्वयंसेवी बल का एक सदस्य पश्चिमी प्रांत करमानशाह में हुई अशांति के दौरान मारा गया।

### अमेरिका के कई शहरों में वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

**न्यूयॉर्क।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करने वाली अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के विरोध में रविवार को सैकड़ों लोग मैनहट्टन की सड़कों पर उतरे। यह मार्च वाशिंगटन, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, अटलांटा, शिकागो और मियामी जैसे 100 से अधिक अमेरिकी शहरों में होने वाले वेनेजुएला पर कोई युद्ध नहीं प्रदर्शनों का हिस्सा था। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों के हाथों में वेनेजुएला से हाथ हटाओ, कैरिबियन से अमेरिका बाहर निकले , वेनेजुएला के तेल के लिए कोई युद्ध नहीं, और अमेरिकी साम्राज्यवाद के खिलाफ वेनेजुएला की रक्षा करो लिखे हुए पोस्टर थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

# हमारी सफलता हमारे समन्वय, हमारे विश्वास और हमारी टीम की तैयारी पर निर्भर करती है : मोदी



**वाराणसी/नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्?हें वाराणसी से सांसद होने के नाते सभी खिलाड़ियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप आज से वाराणसी में शुरू हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि खिलाड़ी अथक परिश्रम के बाद इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट तक पहुंचे हैं और आने वाले दिनों में वाराणसी के मैदान पर उनके परिश्रम की परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि देश के 28 राज्यों की टीमें एकत्रित हुई हैं जो एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सुंदर चित्र प्रस्तुत करती हैं। प्रधानमंत्री ने चैंपियनशिप के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

बनारसी की एक स्थानीय कहावत का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा कि खिलाड़ी अब वाराणसी पहुंच चुके हैं और शहर को अच्छी तरह जान लेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वाराणसी खेल प्रेमियों का शहर है जहां कुश्ती, कुश्ती के अखाड़े, मुक्केबाजी, नौका दौड़ और कबड्डी बहुत लोकप्रिय हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी ने कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिए हैं और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, यूपी कॉलेज और काशी विद्यापीठ जैसे संस्थानों के खिलाड़ियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। श्री मोदी ने कहा कि हजारों वर्षों से वाराणसी ज्ञान और कला की खोज में आने वाले सभी लोगों का स्वागत करता आया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप के दौरान वाराणसी का उत्साह बरकरार रहेगा, खिलाड़ियों को उनका उत्साहवर्धन करने के लिए दर्शक मिलेंगे और वे वाराणसी की समृद्ध आतिथ्य सत्कार की परंपरा का अनुभव भी करेंगे।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वॉलीबॉल कोई साधारण खेल नहीं है बल्कि यह संतुलन और सहयोग का खेल है जहां गेंद को हमेशा हवा में रखने के प्रयास में दृढ़ संकल्प झलकता है। उन्होंने बताया कि वॉलीबॉल खिलाड़ियों को टीम भावना से जोड़ता है, जहां हर खिलाड़ी 'टीम पहले' के मंत्र से प्रेरित होता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भले ही प्रत्येक खिलाड़ी के पास अलग-अलग कौशल हों लेकिन सभी अपनी टीम की जीत के लिए खेलते हैं। श्री मोदी ने भारत के विकास की कहानी और वॉलीबॉल के बीच समानताओं का उल्?लेख करते हुए कहा कि यह खेल सिखाता है कि कोई भी जीत अकेले प्राप्?त नहीं होती बल्कि जीत समन्वय, विश्वास और टीम की तैयारी पर निर्भर करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी की अपनी भूमिका और जिम्मेदारी होती है और सफलता तभी मिलती है जब हर कोई गंभीरता से अपनी जिम्?मेदारी को निभाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भी इसी तरह प्रगति कर रहा है, स्वच्छता से लेकर डिजिटल भुगतान तक, 'एक पेड़ मां के नाम' से लेकर विकसित भारत के अभियान तक, हर नागरिक, हर वर्ग और हर प्रांत सामूहिक चेतना और 'भारत पहले' की भावना के साथ काम कर रहा है।

श्री मोदी ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की विकास और अर्थव्यवस्था की सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि यह प्रगति केवल आर्थिक मोर्चे तक ही सीमित नहीं है बल्कि खेल जगत में दिख रहे आत्मविश्वास में भी झलकती है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, 2014 से विभिन्न खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है और उन्?हें जेन-जेड खिलाड़ियों को मैदान पर तिरंगा फहराते देखकर गर्व महसूस होता है।

प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि एक समय ऐसा था जब सरकार और समाज दोनों ही खेलों के प्रति उदासीन थे जिससे खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी रहती थी और बहुत कम युवा खेलों को अपना करियर बनाते थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक दशक में खेलों के प्रति सरकार और समाज दोनों की सोच में बदलाव आया है।

### 4 से 11 जनवरी तक बनारस में होगा वालीबाल टूर्नामेंट

4 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पूरे भारत से भागीदारी देखने को मिलेगी जिसमें विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीमों के हिस्से के रूप में 1,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में भारतीय वॉलीबॉल में उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन होने की उम्मीद है। वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी शहर में खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और खेल विकास को बढ़ावा देने पर बढ़ते जोर को दर्शाती है।

# इंदौर के बाद गांधीनगर में दूषित पानी, 104 बच्चे बीमार, अस्पताल में नए वार्ड खोलने पड़े



**गांधी नगर (ए)।** इंदौर के बाद अब गुजरात की राजधानी गांधीनगर में गंदा पानी पीने से पिछले तीन दिनों 104 बच्चे 150 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इनमें से 50त्न बच्चों को टाइफाइड हुआ है। हालात इतने बिगड़े कि सिविल अस्पताल में बच्चों भर्ती करने के लिए नया वार्ड खोलना पड़ा।

इंदौर की तरह यहां भी पीने के पानी की पाइप लाइन में सीवेज की गंदगी मिल रही थी। शहर के सेक्टर-24, 28 और आदिवाड़ा इलाके के लोग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रशासन ने पानी की सप्लाई जांची तो 10 जगह लीकेज मिले। स्मार्ट सिटी योजना के तहत करोड़ों की लागत से बिछाई गई नई पाइपलाइन में यह लीकेज थे। हालात की गंभीरता को देखते हुए 75 स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं, जो 90 हजार लोगों की जांच कर चुकी हैं। गृह मंत्री अमित शाह और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने भी मामले का संज्ञान लिया है। डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि 20 जनवरी तक मामलों की संख्या 350 का आंकड़ा पार कर जाएगी।

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को जिला कलेक्टर, नगर आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने गांधीनगर सिविल अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि 22 डॉक्टरों की एक विशेष टीम गठित की गई है और उच्च अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने भी कलेक्टर से फोन पर चर्चा की और युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए।

रिसाव की मरम्मत और पानी में क्लोरीन मिलाने का काम भी किया गया है। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए महिला स्वास्थ्यकर्मियों और आशा सिस्टर्स के साथ ही 80 से ज्यादा कर्मचारियों की 40 टीमें तैनात की गई हैं। स्वास्थ्य टीमों ने अब तक 90,000 से ज्यादा लोगों की जांच की है।

सिविल अस्पताल की अधीक्षक डॉ. मिताबेन पारिख ने बताया कि वर्तमान में 104 बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं और पिछले तीन दिनों में बीमार बच्चों की संख्या में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। सिविल अस्पताल में 1 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं। डॉ. मिताबेन के अनुसार, बच्चे तेज बुखार, पेट दर्द और उल्टी की शिकायत लेकर आ रहे हैं, जिन्हें फिलहाल आईवी फ्लूइड और एंटीबायोटिक्स देकर स्थिर किया जा रहा है। फिलहाल, 104 बच्चों का इलाज एफ2 और ई2 वार्डों में चल रहा है।

# तमिलनाडु में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार, अप्रैल 2026 में एनडीए सरकार बनेगी : अमित शाह



**चेन्नई (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर पूरे भारत में कहीं सबसे भ्रष्ट सरकार है, तो दुर्भाग्य से वह तमिलनाडु में है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे साफ दिख रहा है कि अप्रैल 2026 में तमिलनाडु में एनडीए्र की सरकार बनने जा रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ये बातें रविवार को तमिलनाडु के पुडुक्कोट्टई में प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन की यात्रा के समापन समारोह के दौरान कहीं।

उन्होंने इससे पहले रैली में आए लोगों से कहा कि मैं माफी चाहता हूं कि तमिल में नहीं बोल पा रहा। शह ने आगे कहा- मैं तमिलनाडु की पवित्र भूमि को प्रणाम करके अपना भाषण शुरू करता हूं। आने वाले चुनावों में, भाजपा AIADMK और हमारी सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर कांग्रेस और छ्रस्ब् को आखिरी टक्कर देने के लिए एक मजबूत गठबंधन बनाने जा रही है। डीएमके सरकार हर मोर्चे पर फेल हो गई है। 2024 और 2025 भारतीय जनता पार्टी के लिए जीत के साल थे। 2026 में, तमिलनाडु और बंगाल में एनडीए सरकार को भारी बहुमत से बनाना है। स्टालिन की पार्टी ने यह प्रोपेगेंडा शुरू किया है कि एनडीए तमिल भाषा के खिलाफ है। आज मैं तमिलनाडु के लोगों को बताना चाहता हूं कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही थे जिन्होंने उम्मीदवारों को तमिल भाषा में आईएएस और आईपीएस परीक्षा देने की इजाज़त देने की प्रक्रिया शुरू की।तमिलनाडु में परिवारवाद को खत्म करने का समय आ गया है।

### ओड़िशा के ढेंकनाल में पत्थर की खदान में चट्टान गिरी, 2 मजदूरों की मौत, कई अब भी फंसे

**ढेंकानाल।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि खदान के पास विस्फोट करने की परमिशन नहीं थी। जिला खनन कार्यालय ने 8 सितंबर 2025 को पट्टाधारक को नोटिस जारी कर खदान बंद करने का निर्देश दिया था।

# किसानों की आय बढ़ाने में बड़ी छलांग, भारत बनेगा विश्व का 'फूड बास्केट' : शिवराज चौहान

### कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर द्वारा विकसित 25 फसलों की 184 नई किस्में राष्ट्र को किया समर्पित



**नई दिल्ली (ए)।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स स्थित ए.पी. शिंदे ऑडिटोरियम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित 25 फील्ड फसलों की 184 उन्नत किस्मों का अनावरण किया। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें वैज्ञानिकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत ने उच्च उत्पादक बीजों के विकास में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। वर्ष 1969 में शुरू हुई गजट अधिसूचना प्रक्रिया के बाद अब तक कुल 7205 फसल प्रजातियों को अधिसूचित किया जा चुका है जिनमें धान, गेहूं, ज्वार, मक्का, दलहन, तिलहन, रेशेदार और अन्य फसलें शामिल हैं, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11क्क12 वर्षों में नई किस्मों के विकास की गति और तेज हुई है, अकेले इस अवधि में 3236 उच्च उत्पादक प्रजातियों को मंजूरी मिली है, जबकि 1969 से 2014 तक 3969 प्रजातियों को अधिसूचित किया गया था। अब अधिसूचित 184 उन्नत किस्मों का लोकार्पण किया गया है, जो देश के किसानों को अधिक उपज, बेहतर गुणवत्ता और जलवायु सहनशीलता जैसे लाभ देंगी।

# भाजपा वोट चुराने के बाद उम्मीदवार चुरा रही: उद्धव



**मुंबई (ए)।** शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महायुति पहले वोट चुराती थी अब उम्मीदवार चुरा रही है। देश में ऐसा माहौल हो गया है जैसे लोकतंत्र पर भीड़तंत्र का कब्जा हो।

ये बातें उन्होंने शुक्रवार को महायुति के 68 उम्मीदवारों के निर्विरोध जीतने के मामले में कही। वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे 20 साल बाद शिवसेना भवन पहुंचे जहां दोनों नेताओं ने पार्टी मेनिफेस्टो भी रिलीज किया। वहीं, महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वर्ली में एक रैली में कहा कि हम बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें देश से बाहर निकालेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि देश की मुंबई को एक ऐसा मेयर मिले जो मराठी और हिंदू हो। फडणवीस ने भाषा विवाद की आलोचना करते हुए कहा कि कोई भी मुंबई को राज्य के बाकी हिस्सों से अलग नहीं कर सकता और मुंबईकर विकास चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मुंबई और उसके लोगों के बारे में है, जो जाग गए हैं और प्रगति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले बीएमसी को नियंत्रित करते थे, उनकी निष्क्रियता के कारण हजारों मिल मजदूरों को शहर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# ठाकरे बंधुओं का 'मराठी मानूस प्रेम' नकली दोनों की नजर बीएमसी की तिजोरी पर: शिंदे



**मुंबई (ए)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा- ठाकरे भाइयों का मराठी मानूस (लोग) के प्रति प्रेम नकली है और असली नजर बृहन्मुंबई महानगर पालिका की तिजोरी पर है।

मुंबई के वर्ली में महायुति की रैली को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा- मुंबई का अगला मेयर मराठी होगा। चुनाव के समय ही कुछ लोगों को मराठी मानूस याद आता है। आदित्य-अमित ठाकरे का सत्ता में रहते समय विजन कहां था। तब सालों तक मुंबई को लूटा गया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा कि बीजेपी नेतृत्व वाली महायुति मुंबई में मौजूद बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश से बाहर भेजेगी। साथ ही कहा कि मुंबई का अगला मेयर मराठी और हिंदू होगा।

# दिल्ली ब्लास्ट: हर आतंकी डॉक्टर के पास थी घोस्ट सिम

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली में 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास हुए ब्लास्ट से जुड़े व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल के आतंकी डॉक्टरों ने घोस्ट सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था। इसके जरिए वे पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ कोऑर्डिनेट करते थे।

पीटीआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि आतंकी सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए डुअल-फोन प्रोटोकॉल फॉलो कर रहे थे। हर आरोपी के पास दो से तीन मोबाइल थे। शक से बचने के लिए इनके नाम पर रजिस्टर्ड एक क्लीन फोन होता था। दूसरा टेरर फोन था जिसके जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ वॉट्सऐप और टेलीग्राम पर बात करते थे।

# आज से मिलेंगे गणतंत्र दिवस परेड-2026 के टिकट, कीमत 20 से 100 रुपए



**नई दिल्ली (ए)।** रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली परेड के लिए टिकटों की बिक्री का ऐलान कर दिया है। एक बयान के मुताबिक 77वें गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड, बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल और मुख्य बीटिंग रिट्रीट समारोह के टिकटों की बिक्री 5 जनवरी से शुरू होगी।

बिक्री 14 जनवरी तक जारी रहेगी। टिकट रोज सुबह 9 बजे से तब तक खरीदे जा सकते हैं जब तक आवंटित कोटा खत्म नहीं हो जाता। टिकटों की कीमत 20 से 100 रुपए है। बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल के लिए टिकट 20 रुपए में जबकि बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए टिकटों की कीमत 100 रुपए है। टिकट aamantran.mod.gov.in के जरिए खरीदे जा सकते हैं। इधर, कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी विंग के जानवर परेड में शामिल होंगे। इनमें 2 बैक्ट्रियन ऊंट, 4 जास्कर टट्टू, 4 शिकारी पक्षी और 10 मिलिट्री डॉग शामिल हैं।

**विरोध** — उत्तर कोरिया भी वेनेजुएला के समर्थन में, कहा- अमेरिका गुंडागर्दी कर रहा

# अमेरिका मादुरो को तुरंत रिहा करे, राष्ट्रपति को अगवा करना गलत: चीन



**काराकस (ए)।** चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना उन्हें कल वेनेजुएला की राजधानी काराकास से पकड़कर अमेरिका ले गई थी।

चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है।अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका की सबसे बदनाम जेलों में से एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

### डेल्सी रोड्रिग्ज ने कार्यवाहक राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला

**काराकास।** वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार शनिवार देर रात उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाल लिया है। यह आदेश अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन 'एब्सोल्यूट रिजॉल्व' के तहत राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद आया । सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश कैरिस्लिया रोड्रिग्ज ने सरकारी टीवी चैनल वीटीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा था, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के अपहरण से उत्पन्न असाधारण स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया जाता है कि गणतंत्र की कार्यकारी उपराष्टपति कार्यवाहक क्षमता में राष्ट्रपति पद की सभी शक्तियों, कर्तव्यों और कार्यों को संभालें। यह निर्णय प्रशासनिक निरंतरता और राष्ट्र की व्यापक रक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दुर्ग में युवती ने की सुसाइड की कोशिश, शिवनाथ नदी से पुलिस जवानों ने सुरक्षित निकाला

**दुर्ग।** सुसाइड करने शिवनाथ नदी में छलांग लगाने वाली एक युवती की जान पुलिस ने बचा ली है। युवती शिवनाथ नदी में सुसाइड करने के लिए कूद गई थी। मौके पर तैनात डायल-112 के आरक्षक ने स्थानीय लोगों की मदद से महिला को तत्काल नदी से बाहर निकाला। इससे उसकी जान बच गई। घटना शनिवार की शाम की है। जानकारी के अनुसार डायल 112 के डीपीसीआर को सूचना मिली कि, एक अज्ञात महिला शिवनाथ नदी में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही है। काफी देर से महिला नदी के किराने बैठी हुई थी। सूचना मिलते ही दुर्ग थाना क्षेत्र में डायल 112 के चिता-2 वाहन को इवेंट दिया गया। डायल 112 की टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना होकर स्थिति को गंभीरता से लिया। महिला काफी देर तक नदी के पास बैठी थी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जब बात करने की कोशिश की तो वो भागने लगी, इसके बाद महिला ने तत्काल नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगाने के दौरान ही डॉयल-112 के आरक्षक जावेद अहमद खान ने महिला को लोगों की मदद से तत्काल बाहर निकाला। पुलिस ने जब महिला से कारण पूछा तो महिला ने गुमसुम होकर बैठी रही। महिला किसी से भी बात नहीं कर रही थी। पुलिस जब महिला को थाने लेकर आई तो भी वो कुछ भी नहीं बोल रही थी। काफी देर के बाद पुलिस ने महिला के घर की जानकारी जुटाई और उसे उसके घर जाकर छोड़कर आई।

### बिजली कर्मचारी लापता

**दुर्ग।** घर से अपनी ड्यूटी बिजली ऑफिस सिविल लाइन गया अधेड़ कर्मचारी 2 दिन से घर नहीं लौटा है.



परिवार वालों की शिकायत पर पद्मनाभपुर पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि 50 वर्षीय ऋषि कपूर निवासी वैशाली नगर सिविल लाइन दुर्ग स्थित बिजली ऑफिस 33/11 के व्ही सब स्टेशन में कार्यरत है. वह एक जनवरी को अचानक लापता हो गया है. कई घंटे बाद भी जब वह वापस नहीं आया तब परिवार वालों ने 2 जनवरी को गुम इंसान की शिकायत दर्ज कराई है. अपने ऑफिस में अपने सामान को छोड़कर वह लापता हो गया है. पुलिस ने बताया कि उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है. उसकी तलाश में टीम लगा दी गई है।

### संजय बहादुर सिंह बने क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह को क्षत्रिय करणी सेना का



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत की सहमति से उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इस कड़ी में छत्तीसगढ़ से सक्रिय सदस्य के रूप में संजय बहादुर से लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और अपने सामाजिक दायित्व का लगातार निर्वहन कर रहे हैं, इसके चलते उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है, इसके पूर्व श्री बहादुर को छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया, उनकी कार्यशैली और समाज के प्रति लगाव को देखते हुए क्षत्रिय करणी सेना ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के विस्तार के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर राजपूत समाज से राजपूत समाज के संरक्षक जय नारायण सिंह, आरपी भदौरिया, सुनील सिंह परिहार, नरेंद्र बहादुर सिंह, लाल मुनाई सिंह, गोल्डी भदौरिया, जितेंद्र सिंह जीतू, कपिल सिंह चौहान, मोनू बहादुर सिंह, अजय कुशवाहा, संजय सिंह राजपूत, संतोष सिंह राजपूत, अमन बहादुर सिंह आदि हर्ष व्यक्त किया है।

### अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग एवं नगर पालिक निगम राजनांदगांव की संयुक्त टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई की गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर पारीकला में 5 एकड़ पर अवैध रूप से की जा रही अवैध प्लाटिंग तथा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए जेसीबी मशीनों एवं अन्य संसाधनों की सहायता से उन्हें हटाया

# छत्तीसगढ़ कलार समाज का महोत्सव सामाजिक एकता और संस्कारों को सुदृढ़ करने का सशक्त मंच : यादव

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** गंजमंडी, दुर्ग में आयोजित छत्तीसगढ़ कलार समाज के महोत्सव एवं पारिवारिक मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने समाज को संस्कारवान बनाने का आह्वान किये। इस दौरान समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय भी हुआ।



समाजजनों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित रखने, नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में परिवार की एकता, नैतिक मूल्यों की शिक्षा और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। समाज की मजबूती ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, और कलार समाज सदैव सामाजिक समरसता, सेवा एवं सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ता रहा है।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से समाज द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों से आह्वान किया कि वे अपने अनुभवों और मूल्यों के माध्यम से युवाओं को सही दिशा प्रदान करें। कलार समाज के महोत्सव में शिक्षा, कला एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किये। मंत्री श्री यादव ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यही बच्चे आने वाले समय में समाज और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, समाज के अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, संरक्षक भुनेश्वर सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएँ उपस्थित रहीं।



# खड़ी बस से टकराया ट्रक, 3 महिलाओं समेत 4 घायल

समवेत शिखर संवाददाता

**बालोद।** बालोद जिले के डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमहाटोला में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यात्रियों को उतारने के लिए सड़क किनारे खड़ी एक बस को पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के सामने खड़ी दो मोटरसाइकिलें भी उसकी चपेट में आ गईं।

मोटरसाइकिल सवार सड़क किनारे बाइक खड़ी कर चिकन लेने गए थे, इसी दौरान हादसा हो गया। दुर्घटना में बस में सवार तीन महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गए।

सूचना मिलते ही यातायात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया गया। दादा ट्रेवल्स की यह बस भानुप्रतापपुर से दल्लीराजहरा की ओर जा रही थी, जिसमें 40 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# महापौर ने किया अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का औचक निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** नगर के महापौर मधुसूदन यादव ने द्वारा शहर के गौरवए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम के मैदान की स्थिति (एस्ट्रोटर्फ) बदलने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही खिलाड़ियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। महापौर ने एस्ट्रोटर्फ की गुणवत्ता की जांच की और खेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैदान की सफाई और पानी के छिड़काव में कोई कोताही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेंजिंग रूम, जिम और खिलाड़ियों के विश्राम गृह का अवलोकन किया।



उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा, यह स्टेडियम हमारे शहर की पहचान है और यहां से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि हम खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करें। स्टेडियम के उन्नयन के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, भूषण साव, रमेश डाकलिया, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, प्रिंस भाटिया, रणविजय प्रताप सिंह, छोटे लाल रामटेके (पार्षद), अजय झा, प्रकाश शर्मा, विजय शर्मा, दीपक यादव, चंदन भारद्वाज, कुमार स्वामी, रॉबिन गाटलिब, किशोर धीवर, शकील अहमद (खेलो इंडिया कोच), अनीश रजा, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, सचिन खोब्रागढ़े, योगेश द्विवेदी, अभिनव मिश्रा, तौफीक अहमद, राजेश निर्मलकर, प्रवीण यादव, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने बालिका को छात्रावास में प्रवेश दिलाने में निभाई निर्णायक भूमिका

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** न्याय व्यवस्था के मानवीय पक्ष को प्रमुखता देते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश/संरक्षक रमेश सिन्हा द्वारा बाल गृह और बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बड़ी पहल करते हुए विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणों में वसूली गई अर्थदण्ड की राशि इन बच्चों की देखरेख करने वाली संस्थाओं के पास जमा कराने के आदेश दिए गए हैं।



इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित नालसा (बालकों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना, 2024 के अंतर्गत तथा छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा मानवता एवं न्याय के संवैधानिक मूल्यों को साकार करते हुए एक निर्धन एवं जरूरतमंद बालिका को संजीवनी बालिका आवसीय छात्रावास दुर्ग, जिला-दुर्ग में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोटिया, थाना-पुलगाँव, जिला-दुर्ग निवासी एक 12 वर्षीय बालिका, जिसकी माता मानसिक रूप से कमजोर है। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण माता अपनी नाबालिक बालिका को भी अपने साथ भिक्षाटन के लिए ले जाती थी। बालिका भिक्षाटन का कार्य करना नहीं चाहती है तथा वह पढ़ाई करना चाहती है। इसकी जानकारी प्राप्त होते ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग एवं छात्रावास अधीक्षक से समन्वय स्थापित किया। आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर बालिका को विधि एवं नियमानुसार छात्रावास में प्रवेश दिलवाया गया। इस सराहनीय पहल से न केवल एक बालिका की शिक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदना भी उजागर हुई है। उक्त सकारात्मक प्रयास से शिक्षा हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्यों के विफल होने की संभावना को भी समाप्त किया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया में थाना जामुल के पैरालीगल वालेंटियर की प्रमुख भूमिका रही।

# महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा 615 कट्टा अवैध धान जब्त

### वाहन को राजसात करने की प्रक्रिया प्रारंभ

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के परिवहन की रोकथाम के लिए सघन जांच अभियान के तहत राजस्व विभाग की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 1 जनवरी 2026 की रात्रि महाराष्ट्र सीमा से लगे क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान दो ट्रकों को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। रात्रि लगभग 9 बजे राजस्व अधिकारियों का दल सीमावर्ती क्षेत्रों के निरीक्षण पर था। इस दौरान महाराष्ट्र के सालेकसा से कोठीटोला-कारूटोला के रास्ते छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे दो संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की गई।

जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमएच 11 एएल 4288 की जांच करने पर 315 कट्टा धान लोड पाया गया। इसी प्रकार वाहन क्रमांक एमएच 49-0272 की जांच करने पर 300 कट्टा धान लोड पाया गया। मौके पर उपस्थित वाहन चालकों एवं स्वामियों से धान के परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज, मंडी पर्ची अथवा अन्य अनिवार्य कागजात मांगे गए। किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण अधिकारियों द्वारा दोनों वाहनों के लोड कुल 615 कट्टा धान सहित वाहन जप्त कर किया गया। जप्त धान और वाहनों को सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने अन्य राज्यों से अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए जिले की सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। नियमानुसार जप्त किए गए दोनों वाहनों एवं धान को शासन के पक्ष में राजसात करने की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिले में अवैध धान के व्यापार और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। बिचौलियों और धान के अवैध परिवहनकर्ता करने वाले के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# नागरिक सहकारी बैंक चुनाव में चार प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त

### कल नामांकन वापसी, अभ्यर्थियों के बीच हलचल तेज

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव के लिए सरगर्मी तेज हो गई है। रविवार को प्रत्यायुक्त सदस्य पद के अभ्यर्थियों से प्राप्त नामांकन पत्रों की बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में जांच की गई। जांच में 4 अभ्यर्थियों के नामांकन निरस्त किए गए। 139 अभ्यर्थियों के नामांकन सही पाए गए। शनिवार को कुल 143 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे।



नामांकन की जांच प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास के मार्गदर्शन और रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटी दुर्ग के कर्मचारियों की देखरेख में पूरी की गई। इस दौरान प्रत्यायुक्त सदस्य पद के अभ्यर्थियों के अलावा बैंक से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र को लेकर दावा आपत्ति भी की गई। लिहाजा रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों ने जांच कर आपत्तियों का निराकरण किया। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमलनारायण रुंगटा, राजेश यादव, पवन बड़जात्या, संजय सिंह, सुशील रुंगटा, मनोज ताम्रकार, वेंकट शास्त्री राव, दिलीप देशमुख, राजकुमार वर्मा, रमेश शर्मा, अखिलेश मिश्रा, तेजबहादुर बंछोर, संदीप जैन के अलावा अन्य अभ्यर्थी व बैंक से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

बता दें कि नागरिक सहकारी बैंक के प्रत्यायुक्त सदस्य पद के लिए शनिवार को 143 अभ्यर्थियों द्वारा उत्साह के साथ नामांकन दाखिल किए गए थे। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा एक से अधिक नामांकन पत्र जमा किए गए थे। प्राप्त कुल नामांकन पत्रों की रविवार को जांच गई। जांच में 4 नामांकन निरस्त किए गए है। वैध नामांकन पत्रों की सूची रविवार की शाम बैंक मुख्यालय में चस्पा की जाएगी। नामांकन वापसी के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित है। अभ्यर्थी सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच अपना नामांकन वापस ले सकते है।

नामांकन वापसी की प्रक्रिया समाप्ति उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन और उन्हें चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा। मतदान 11 जनवरी को श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन, मोतीपारा में किए जाएंगे। मतदान के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। मतदान सम्पन्न होने के एक घण्टे के पश्चात उसी स्थान पर मतगणना की जाएगी। तदोपरान्त परिणामों की घोषणा की जाएगी। बता दें कि प्रथम चरण में बैंक के प्रत्यायुक्त सदस्य पद के 117 पद के लिए चुनाव हो रहे है। बैंक के कुल सदस्यों की संख्या 5837 है। जिनमें से 1688 पात्र सदस्यों को इस चुनाव में मतदान करने की पात्रता होगी।

# हाईकोर्ट के आदेश से खुद को बड़ा समझ बैठा चिटौद सरपंच तीरथ यादव!

केशव सिन्हा

**बालोद।** मां भगवती महिला स्व सहायता समूह चिटौद के द्वारा ग्राम पंचायत चिटौद के पुराने भवन को वर्ष 2015 से रेडी टू ईट पाउडर निर्माण एवं वितरण कार्य के लिए लीज (अनुबंध) में लिया गया था, जहां शासन के आदेश अनुसार निर्माण कार्य बंद है, लेकिन वितरण का कार्य समूह द्वारा आज पर्यंत किया जा रहा है। जहां रेडी टू ईट पाउडर का वितरण एवं भंडारण हेतु उक्त पुराने भवन को अभी भी उपयोग में लाया जा रहा था। जहां रेडी टू ईट पाउडर निर्माण हेतु बड़ी-बड़ी मशीन जिसमें से कुछ शासन के द्वारा दी गई और कुछ समूह के द्वारा क्रय की गई मशीन वहां थी एवं कुछ रॉ मैटेरियल (कच्चा खाद्य) सामग्री जिसका उपयोग रेडी टू ईट पाउडर निर्माण में लगता था, जिसकी कीमत लगभग 2600000/ (छब्बीस लाख ) रुपए हैं।



वहीं समूह के पास शासकीय उचित मूल्य की दुकान चिटौद,आई डी क्रमांक 432 00749 का संचालन का कार्य भी है जो अनवरत जारी है और कई बार खाद्य विभाग के आदेशानुसार तीन-तीन माह का खाद्य सामग्री एक साथ भंडारण भी किया जाता है मगर उक्त राशन दुकान में जगह के अभाव में राशन दुकान की खाद्य सामग्री चावल आदि भी उक्त भवन में भंडारण किया जाता था और समूह के द्वारा उगाए गए ब्लैक राइस (ऑर्गेनिक)चावल जिसे बीपी, शुगर बिमारी हेतु लोग उपयोग में लाते हैं ऐसा करके लगभग राशन दुकान की खाद्य सामग्री समेत समूह द्वारा उगाई गई (ऑर्गेनिक चावल) ब्लैक राइस लगभग 150 क्विंटल चावल भंडारण था जो की अब गायब है। ज्ञात हो कि पंचायत के पुराने भवन को (एन केन प्रकारेण) किसी भी तरीके से उक्त भवन से समूह को खाली कराकर बेदखल कर अटल डिजिटल सेवा केंद्र का आड़ में उसे निर्माण करना है कह कर बार-बार समूह के अध्यक्ष को पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा डराया धमकाया जा रहा था वहीं पंचायत के सरपंच, सचिव एवं पंचों द्वारा संबंधित समूह के सदस्यों को समूह से पृथक करने (हटाने) की नीयत से सदस्यों को यह कहा जाता रहा है कि जब तक समूह को नहीं छोड़ोगे तब तक तुम लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा, यहां तक की महतारी वंदन योजना से भी वंचित कर देंगे।

इस बात से यह समझना होगा कि पंचायत प्रतिनिधि संबंधित समूह को नुकसान पहुंचाने, बेदखल करने की नीयत से किसी भी हद तक जा सकते हैं। जबकि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्र सरकार और राज्य सरकार समूह को आगे बढ़ाने नारी शक्ति को आगे बढ़ाने पुरजोर कोशिश कर रहे हैं । क्या ऐसे नारी शक्ति आगे बढ़ेगी। जब पंचायत के लोग ही इसको पलीता लगाने में लगे हुए हैं । वहीं गांव भर में सैकड़ो लोग इन्हीं पंचायत प्रतिनिधियों की आड़ में सालों से बिना पंचायत के प्रस्ताव बिना अनुमति के अवैध कब्जा कर बैठे हैं। उनके ऊपर ध्यान नहीं है पंचायत वालों का खुद उनके ही पंचायत के कई पंच अवैध कब्जा करके बैठे हैं। उनसे बाकायदा पंचायत द्वारा समय-समय पर लेवही वसूल किया जाता है। अब क्या कहा जाए गांव के कई गली कूचे समेत कहीं ठेलों व कई दुकानों, रेस्टोरेंट में अवैध दारू बिक रहा है। उसमें पंचायत वालों का ध्यान नहीं है,क्योंकि हर महीने दारू बेचने वालों से मोटा रकम सरपंच सचिव समेत पंचायत के अन्य पंचों को भी मिलता है।

जब हर महीने जेब गर्म हो रही है तो पलट कर क्यों देखेंगे। वहीं दूसरी ओर समूह द्वारा शासकीय काम किया जा रहा है जिसे बार-बार डराया जाकर परेशान किया जा रहा है । हद तो तब हो गई जब अटल डिजिटल सेवा केंद्र के निर्माण के आड़ में पंचायत परिसर में स्थित पुराने पंचायत भवन जो की सरकारी भवन है उसे कुछ दिन पहले ही तोड़ा जा रहा था जहां समूह के द्वारा न्याय की आस में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में समूह के अध्यक्ष श्रीमती तारा सिन्हा के द्वारा रिपीटिशन क्रमांक 4541/ 2025 दाखिल किया गया ।जिसकी गंभीरता को देखते हुए समूह के पक्ष में 25-08- 2025 को स्थगन आदेश (स्टेऑर्डर)जारी कर मां भगवती महिला स्व-सहायता समूह चिटौद विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन, ग्राम पंचायत चिटौद वगैरह को आवश्यक पक्षकार बनाते हुए, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के द्वारा यह कहा गया कि किसी भी अन्य व्यक्ति, संस्था, समुदाय को अनाधिकृत रूप से संबंधित क्षेत्र (स्थल पर प्रवेश वर्जित एवं किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप करने, तोड़फोड़ करने हेतु रोका गया है। जिसकी सूचना सरपंच, सचिव, जनपद पंचायत गुरुर सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गुरुर, पुलिस अधीक्षक बालोद, कलेक्टर बालोद को दिया जाकर पावती भी लिया गया है, उसके बावजूद भी सरपंच तीरथ यादव, सचिव मनोज कुमार साहू और पंचगण उक्त आदेश को धता बताते हुए तोड़फोड़ व निर्माण कार्य जारी कर दिया था।

# एबीवीपी राजनांदगांव ने छत्रपति शिवाजी पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान

समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) राजनांदगांव द्वारा शहर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक सार्वजनिक स्थल छत्रपति शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समीप एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल पार्क परिसर की साफ-सफाई तक सीमित न रहकर आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को स्वच्छता, नागरिक दायित्व एवं सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के दौरान पार्क में फैली गंदगी, प्लॉस्टिक कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाकर स्वच्छ, सुंदर एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया गया।




इस अवसर पर एबीवीपी के नगर मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रभक्ति, साहस और अनुशासन के प्रतीक हैं। उनके नाम से जुड़े सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। स्वच्छता के माध्यम से ही हम महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाजहित के कार्यों में आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाएं और सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। नगर एसएफडी प्रमुख कुलदीप पाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वच्छता अभियान किसी एक दिन या अवसर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे निरंतर चलने वाला जनआंदोलन बनाना आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री निवास में 8 जनवरी गुरुवार को होगा जनदर्शन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री निवास कार्यालय रायपुर में 08 जनवरी गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस अवसर पर प्रदेशवासियों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का त्वरित और संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

### सीजी पीएससी द्वारा गृह पुलिस विभाग के सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर पद हेतु दस्तावेज सत्यापन व शारीरिक माप परीक्षण की तिथियां जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (गृह पुलिस विभाग) भर्ती परीक्षा 2024 के अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन एवं शारीरिक माप परीक्षण की तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। दस्तावेज़ सत्यापन एवं शारीरिक माप परीक्षण परीक्षा जिला सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, रायपुर एवं राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में निर्धारित केंद्रों पर संपन्न होगी। अभ्यर्थियों के लिए प्रातः 07:00 बजे रिपोर्टिंग समय निर्धारित किया गया है, जबकि शारीरिक माप परीक्षण प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होगा। आयोग ने बताया कि उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र दिनांक 26 दिसम्बर 2025 को जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है, एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आयोग द्वारा जानकारी दी गई है कि अभ्यर्थियों को पृथक से प्रवेश पत्र व्यक्तिशः नहीं भेजी जाएगी।

### मोवा रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात लाश मिलने से मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** मोवा रेलवे ट्रैक के पास रविवार सुबह अज्ञात लाश मिलने से हड़कंप मच गया है। मृतक की शिनाख्ती नहीं हो पाई है. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना पंडरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, मोवा रेलवे ट्रैक के पास अज्ञात युवक की लाश मिली, जिसके सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। लोगों की सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना को लेकर ट्रेन से टकराने के बाद मौत होने की बात सामने आ रही है। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम को खून शव के आसपास खून बिखरा हुआ मिला है. पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### सिरप-गांजा के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार मालवाहक गाड़ी में थे सवार, एंटी क्राइम यूनिट और पुलिस ने 6.38 लाख का माल किया जब्त



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन निश्चय के तहत 4 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से प्रतिबंधित कफसिरप, गांजा और तस्करी में इस्तेमाल वाहन भी जब्त किया है। यह कार्रवाई एन्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट और आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने की है। पुलिस को 3 जनवरी को सूचना मिली थी कि, एक पिकअप वाहन में सवार कुछ व्यक्ति महासमुंद से रायपुर की ओर प्रतिबंधित सिरप और मादक पदार्थ लेकर आ रहे हैं। जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर आरंग क्षेत्र के लखौली स्थित पुराने टोल प्लाजा के पास नाकेबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की गई, जिसमें चार लोग सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम डिलेश्वर मेहर (ओडिशा निवासी), लेखू सिन्हा, निखिल सिन्हा और योगेश ध्रुव (रायपुर निवासी) बताया। वाहन की तलाशी में पुलिस ने 75 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप (कोडिन फास्फेट), 1 किलोग्राम गांजा और तस्करी में इस्तेमाल पिकअप वाहन (क्रमांक छ्त्त 04 ह्ष्ठ 6040) जब्त किया। जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 6 लाख 38 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ आरंग थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# पालक सहभागिता में देश में प्रथम स्थान गौरव की बात : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ की बड़ी उपलब्धिः पालक सहभागिता में देश में प्रथम

समवेत शिखर न्यूज





**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा को तनावमुक्त उत्सव के रूप में मनाने की पहल परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने पालकों की भागीदारी में प्रथम स्थान हासिल कर पूरे देश में उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अब तक छत्तीसगढ़ से 25.16 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन किया है, जिनमें 22.75 लाख विद्यार्थी, 1.55 लाख शिक्षक और 81,533 पालक शामिल हैं। यह उपलब्धि राज्य में परीक्षा प्रबंधन, समय प्रबंधन, पालकों को अपने बच्चों को परीक्षा में अधिक अंक लाने हेतु अनावश्यक दबाव देने से बचने तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सुनियोजित प्रयासों को दर्शाती है।

'परीक्षा पे चर्चा' में पालकों की भागीदारी के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कुल पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है। बलोदाबाजार जिले में 14,658 तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 9,952 पालकों द्वारा पंजीयन किया गया है, जो इस अभियान के प्रति अभिभावकों की बढ़ती जागरूकता, सहभागिता और विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। यह उपलब्धि केवल संख्यात्मक सफलता नहीं है, बल्कि यह परीक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव का भी संकेत देती है। इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे राज्य में अपनाई गई नवाचारपूर्ण रणनीतियाँ महत्वपूर्ण रही हैं। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की गई, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों पर ऑन-साइट पंजीयन की व्यवस्था की गई तथा युवा क्लब और ÷अंगना म शिक्षा कार्यक्रम÷ के माध्यम से समुदाय को बड़े पैमाने पर जोड़ा गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में आयोजित परीक्षा पे चर्चा मेला से एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन दर्ज हुए, जबकि इससे पहले प्रतिदिन औसत पंजीयन लगभग 1500 के आसपास था। पिछले प्रयासों के रूप में आयोजित शिक्षक-पालक सम्मेलन और मेगा पीटीएम ने भी अभिभावकों की सजगता और सहभागिता को नई दिशा दी है। परीक्षा पे चर्चा से जुड़े प्रेरक अनुभव भी लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुई कु. युक्तामुखी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों से पंजीयन कर अपने प्रश्न पूछने की अपील की है। उनका प्रेरक संदेश विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास और सक्रिय सहभागिता की भावना जागृत कर रहा है। इसी प्रकार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में शीतकालीन अवकाश के दौरान आयोजित परीक्षा पे चर्चा मेला में सभी विद्यालयों, समुदाय, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

# रायपुर में 5 लाख वोटरों के नाम काटने की तैयारी

### 1.33 लाख को भेजा गया नोटिस

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर** । विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार रायपुर जिले में कुल 5 लाख 11 हजार 136 मतदाताओं के नाम कटने की स्थिति में हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या उन मतदाताओं की है, जो अब जिले से बाहर रह रहे हैं या जिनका वर्तमान पता जिले में नहीं है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 84 हजार 2 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 3 लाख 87 हजार 330 मतदाता दूसरे जिलों के निवासी हो चुके हैं। इसके अलावा 23 हजार 180 मतदाता ऐसे हैं, जिनका सत्यापन नहीं हो पाया है। 14 हजार 311 मतदाता पहले से ही अन्य स्थानों पर नामांकित पाए गए हैं, जबकि 2 हजार 313 नाम अन्य कारणों से हटाए जाने की श्रेणी में हैं। निर्वाचन अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मृत मतदाताओं को छोड़कर शेष सभी को मतदाता सूची में नाम बनाए रखने का अवसर दिया जा रहा है। इसके लिए संबंधित मतदाताओं को आयोग द्वारा निर्धारित फार्म भरकर आवश्यक प्रमाणिक दस्तावेज जमा करने होंगे।

### कैटेगरी-सी के वोटरों को नोटिस

एसआईआर के दौरान फार्म जमा करने वाले मतदाताओं को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। कैटेगरी-ए में 5 लाख 28 हजार 859 मतदाता शामिल हैं, जिनके नाम वर्ष 2003 की एसआईआर सूची में पहले से दर्ज थे। कैटेगरी-बी में 8 लाख 24 हजार 631 मतदाता हैं, जिनके नाम भले 2003 की सूची में नहीं थे, लेकिन उनके माता-पिता या दादा-दादी सूची में दर्ज थे।

# दादा गुरुदेव के आशीर्वाद के साथ खरतरगच्छ के राष्ट्रीय कैलेण्डर का किया गया विमोचन

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर एवं चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में पूनम और अमावस्या की आराधना साधना का विधान विगत सात वर्षों से निरंतर श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हो रहा है। गुरुभक्तों के समर्पण और आस्था के चलते यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है, इसी कारण यह दादाबाड़ी चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के रूप में विख्यात है।

इस अवसर पर खरतरगच्छ युवा परिषद द्वारा प्रकाशित कैलेंडर का विमोचन ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टी नीलेश गोलछा एवं डॉ. योगेश बंगानी की उपस्थिति में दादागुरुदेव के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। पूजा विधान का शुभारंभ करते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष बैद ने कहा कि गुरु भक्ति से ही यह आध्यात्मिक परंपरा सतत आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर लाभार्थी परिवार द्वारा नारियल और अक्षत समर्पण के साथ संगीतमय बड़ी पूजा प्रारंभ की गई। प्रसिद्ध भजन गायक वर्धमान चोपड़ा ने गुरु पारिख सूर तरु रूप, सुगुरु दूजो तो नहीं भजन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष संतोष बैद एवं महासचिव महेन्द्र कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम अष्टप्रकारी पूजा के अंतर्गत जल, चंदन, पुष्प, धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य और फल अर्पण कर संपूर्ण विधि-विधान एवं संगीतमय चौपाइयों के साथ पूजा संपन्न की गई। इसके पश्चात नवमी पूजा में वस्त्र समर्पण किया गया। दशम पूजा के अवसर पर मार्बल की कलात्मक छतरी में विराजित चारों दादागुरुदेव के सम्मुख चांदी की छतरी सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा सिर पर धारण कर शंख ध्वनि और घंटानाद के साथ दो फेरी दी गई। भावपूर्ण ध्वज पूजन के साथ हरख भरी रे देवा हरख भरी भजनों एवं मंत्रोच्चार के साथ शिखर पर ध्वजा विराजित की गई। भक्तिमय पूजा महोत्सव में दिप्ती बैद ने कैसे कैसे अवसर में गुरु राखी लाज हमारी एवं मोको सबल भरोसा तेरा चंद्रसूरी पट्टधारी जैसे गुरु महिमा के भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

# नए वर्ष में परमात्मा को देंगे अच्छाइयों का गिफ्ट : ब्रह्माकुमारी सविता दीदी

### नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शान्ति शिखर में हुआ आयोजन

समवेत शिखर न्यूज



**नवा रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित नये भवन एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड-शान्ति शिखर में मन से पुरानी बातें, स्वभाव और संस्कार की विदाई के संकल्प के साथ नया वर्ष मनाया गया। साथ ही नये वर्ष में परमात्मा को मेरा उपहार नामक अनोखे प्रोजेक्ट का शुभारम्भ भी किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि नये साल में सबमें विशेषताएं और अच्छाईयाँ देखने का संस्कार बना लें तो हम विशेष आत्मा बन ही जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कुछ न कुछ कमियाँतो हरेक व्यक्ति में होती है लेकिन हमें उनके गुणों और विशेषताओं पर ही ध्यान केन्द्रित कर उनकी अच्छाईयों अपने जीवन में धारण करना होगा।

इस प्रकार हम अनेक गुणों से सम्पन्न और विशेष आत्मा बन जाएंगे। पुरानी बातों को पुराने वर्ष के साथ विदाई देकर अब नये वर्ष में नवीनता करनी है। उन्होंने सभी को क्षेत्रीय मुख्यालय से प्राप्त साप्ताहिक चार्ट भरने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रोज रात को सोने से पहले ईमानदारी से अपनी चेकिंग अवश्य करें जिससे कि पूरे दिन हमें अपने कर्मों पर अटेन्शन बना रहे। निगेटिव और व्यर्थ विचारों से दूर रहें क्योंकि इनसे आत्मा की शक्ति कम होती है। हमेशा सबके लिए शुभ सोचें। सबके लिए कल्याण की कामना करें तो आपका भी कल्याण स्वतः होता रहेगा। सभी का चार्ट महाशिवरात्रि के अवसर पर माउण्ट आबू में परमात्मा शिवबाबा को अर्पित किया जाएगा। अन्त में विश्व कल्याण की कामना के साथ सभी साधकों ने मेडिटेशन किया।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम : मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में 10 जनवरी से आंदोलन

### ग्राम और जिला स्तर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाने की घोषणा की है. ग्रामीण आजीविकाओं पर गंभीर हमले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा बचाओ संग्राम नामक एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके।

मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस, 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास और प्रतीकात्मक विरोध जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, जैसे महात्मा गांधी या डॉ। बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास, पार्टी नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास किया जाएगा।

12 से 29 जनवरी पंचायत स्तर पर जनसंपर्क सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस चरण के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण भी किया जाएगा। वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अहिंसा, संवैधानिक मूल्यों और काम के अधिकार पर जोर दिया जाएगा। 31 जनवरी से 6 फरवरी जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना होगा। जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनके पश्चात वीबी-जीराम जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

# सड़कों पर निकले विधायक–महापौर : खारुन नदी में नाले का पानी गिरने पर अफसरों को फटकार

### 5 दिन में व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत विकास कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर निरीक्षण पर निकले। इस दौरान विधायक मूणत सरोना और चंदनडीह इलाके में चल रहे और पूरे हो चुके विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ महापौर मीनल चौबे, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**सरोना को विकास की दोहरी सौगात**

अमृत मिशन 2.0 के तहत भारत सरकार से स्वीकृत 9 करोड़ की राशि से सरोना में बनने वाले उद्यान के लिए विधायक मूणत ने शीतला मंदिर के पीछे स्थित रिक्त भूमि का निरीक्षण किया और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटवारियों के साथ तुरंत सीमांकन करें और लेआउट प्लान तैयार करें। इसके साथ ही चंदनडीह से सरोना होते हुए महादेव घाट तक नए बायपास रोड के निर्माण का प्रस्ताव बजट में भेजने को कहा, ताकि क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव से लोगों को राहत मिल सके। ट्रेंचिंग ग्राउंड की सफाई व्यवस्था का भी उन्होंने निरीक्षण किया और काम तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप, जोन अधिकारी, योजना शाखा के अधिकारी, भू-राजस्व निरीक्षक, पटवारी, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अभियंता एवं भाजपा कार्यकर्ता निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।



**एसटीपी प्लांट देखकर भड़के विधायक**

चंदनडीह में 80 करोड़ रुपए की लागत से बने एसटीपी प्लांट के निरीक्षण के दौरान विधायक मूणत उस वक्त बेहद नाराज हो गए, जब उन्हें जानकारी मिली कि चिंगरी नाले का बदबूदार और दूषित पानी अब भी सीधे खारुन नदी में मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए 5 दिन का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि तत्काल ठोस प्लान तैयार कर प्रस्तुत करें।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल 6-8 जनवरी को रायपुर और बिलासपुर में

### क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीयन, ट्रायलस्थल पर ऑफलाइन पंजीयन भी होगा

समवेत शिखर न्यूज

KHELO INDIA

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर +91-8871419609 पर फोन कर या वेबसाइट के माध्यम चयन ट्रायल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ॉ चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायलस्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे।

छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने को कहा है।

**रायपुर में होंगे वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के ट्रायल :** रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में 6 जनवरी को सवेरे नौ बजे से वेट-लिफ्टिंग, 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से कुश्ती तथा 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से फुटबॉल के लिए ट्रायल होंगे। 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा।

**तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के ट्रायल बिलासपुर में :** बिलासपुर के स्वर्गीय बी.आर. यादव स्टेडियम में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तीरंदाजी और एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे। बिलासपुर के सरकंडा स्थित जिला खेल परिसर में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तैराकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा।

### 7 बड़े बकायादारों के व्यावसायिक परिसर सील, जोन-8 में 71 लाख से ज्यादा टैक्स बकाया

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम ने टैक्स नहीं चुकाने वाले बड़े बकायादारों पर सख्त कार्रवाई की है। नगर निगम जोन-8 के राजस्व विभाग ने कई वर्षों से बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 7 बड़े बकायादारों के व्यवसायिक परिसरों को सील कर दिया। इन सभी को पहले डिमांड बिल, डिमांड नोटिस और अंतिम नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी बकाया नहीं चुकाया गया। वार्ड-70 रायपुरा स्थित पुष्प वाटिका मैरिज गार्डन को तत्काल सीलबंद किया गया। इस मैरिज गार्डन पर नगर निगम का 45 लाख 99 हजार 952 रुपए टैक्स बकाया था।

**71 लाख से ज्यादा की वसूली के लिए अभियान :** वहीं, जोन-8 के अंतर्गत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 और वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 में यह अभियान चलाया गया। इन 7 बड़े बकायादारों पर नगर निगम का कुल 71 लाख 1 हजार 56 रुपए बकाया है।

**आयुक्त के आदेश पर हुई कार्रवाई :** यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश पर, उपायुक्त राजस्व जागृति साहू और जोन-8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश में की गई। अभियान का नेतृत्व सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल ने किया।

# साल 2025 के दौरान अपराध में आई कमी, पुलिस ने जारी किए आंकड़े

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने वर्ष 2025 के अपराध से जुड़े आंकड़े जारी किए हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि शहर में कुल आपराधिक मामलों में पिछले साल की तुलना में कमी दर्ज की गई है। पुलिस का दावा है कि सख्त कार्रवाई और लगातार अभियान का असर गंभीर अपराधों और नशे के नेटवर्क पर साफ दिखाई दे रहा है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वर्ष 2025 के दौरान दर्ज अपराधों की संख्या में 2024 की तुलना में गिरावट आई है। रायपुर पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 के बीच जिले के सभी थानों में कुल 15 हजार 885 एफआईआर दर्ज की गईं, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 17 हजार 703 थी। हत्या के मामलों की बात करें तो वर्ष 2025 में कुल 90 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें से 85 मामलों में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 167 आरोपियों को गिरफ्तार किया। डकैती के मामलों में भी कमी दर्ज की गई। पूरे वर्ष में केवल 7 डकैती के मामले सामने आए, जिनमें से 6 मामलों में 43 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। लूट के मामलों में मामूली गिरावट देखी गई है। वर्ष 2025 में लूट के 71 मामले दर्ज हुए, जबकि 2024 में यह संख्या 73 थी। इस तरह लूट की घटनाओं में करीब 2.74 प्रतिशत की कमी आई है। चोरी के मामलों में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2024 में चोरी के 1497 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2025 में यह संख्या घटकर 1442 रह गई। वहीं धोखाधड़ी के मामलों में इस साल 292 प्रकरण सामने आए। नशे के कारोबार के खिलाफ रायपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में बड़ा अभियान चलाया। नारकोटिक एक्ट के तहत 271 मामलों में कार्रवाई करते हुए 445 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ, वाहन, मोबाइल फोन और अन्य सामग्री जब्त की गई, जिसकी कुल अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ 78 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में उड़ीसा, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के अलावा नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### इंदौर का काला सच

कितना अभिशप्त और कलंकित शहर है इंदौर! जिस शहर को स्वच्छता के लिए लगातार राष्ट्रीय सम्मान मिल रहा है, उसी शहर में लोग दूषित पानी पीने से मर रहे हैं। यह इंदौर का काला सच है। इससे विरोधाभासी त्रासदी और क्या होगी? हमें नए साल की शुरुआत में ही ऐसा शोकाकुल, संतप्त, अफसोसनाक, व्यवस्था के 'फालतूपन', संवेदनहीनता और मंत्री जी के 'घंटे' पर विश्लेषण करना पड़ रहा है, लिहाजा हमारी विवशता समझिए। यह त्रासद घटना मप्र के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के चुनाव-क्षेत्र के भागीरथपुरा की है। क्या विडंबना और अंधेरगर्दी है कि नर्मदा के पानी की लाइन में मल की पाइपलाइन जुड़ गई और लोग वही विषाक्त पानी पीते रहे! आखिर यह नालायकी कैसे संभव है? यदि यह हत्याकांड (हम इसे हत्याकांड ही मानेंगे) सामने न आता, तो न जाने कितनी और अर्थियां उठानी पड़तीं? विषाक्त पानी पीने से अभी तक 14 मौतें हो चुकी हैं और 32 मरीजों की स्थिति गंभीर बताई गई है। उनमें से अधिकतर अस्पतालों के आईसीयू में उपचाराधीन हैं। ईश्वर उन्हें नई जिंदगी दें।

अस्पतालों में 201 मरीज भर्ती हैं। कुल 8571 प्रभावित लोगों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 338 संक्रमित पाए गए हैं। अब हैजा फैलाने वाले घातक विषाणु भी मिले हैं। मप्र सरकार बेशक अफसरों को निलंबित करे या बर्खास्त कर दे अथवा सूली पर चढ़ा दे, लेकिन जिन परिवारों के चिराग बुझे हैं, कमाऊ पूत भरी जवानी में चले गए हैं, बड़ों के साये भी छिन गए हैं, क्या उनकी क्षतिपूर्ति संभव है? ऐसी किसी भी त्रासद घटना की क्षतिपूर्ति की ही नहीं जा सकती। जिन लोगों ने गुस्से या आक्रोश में सरकारी चेक कबूल करने से इंकार कर दिया है, हम उनकी हिम्मत की दाद देते हैं।

सरकार या राजनीतिक नेतृत्व को कभी-कभार 'लाल आंखें' दिखाना सही होता है। कैलाश विजयवर्गीय भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में हैं और मालवा के सबसे ताकतवर नेता के तौर पर गिने जाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से भिड़ते हुए कहा-फोकट के सवाल मत पूछें। इससे उनकी मानसिकता स्पष्ट हुई है। वह मौत के आंकड़ों को 'घंटा' करार दे रहे हैं। क्या ऐसे नेता को जनता को खारिज नहीं कर देना चाहिए? दरअसल सवाल खोखले नारों, दावों और सतही शृंगार का है।

इंदौर पर ग्लैमर और आकर्षण थोपा जा रहा है। वह स्वच्छता का शहर भी नहीं है। यह हमारा दावा है, क्योंकि हमने इंदौर को नंगी आंखों से देखा है। वहां अराजकता और अतिक्रमण चारों ओर देखा जा सकता है। इंदौरवाले अव्वल दर्जे के 'खाऊ' हैं, लेकिन नर्मदा नदी के तट पर बसे शहर में चेतावनीपूर्ण जल-संकट की स्थितियां हैं। गर्मियों में लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर अपनी जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। किसी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्री या खुद जनता ने पानी के संकट की कभी भी चिंता नहीं की। अब इंदौर को इतना विकसित बनाने की योजनाओं पर काम चल रहा है कि प्रधानमंत्री का दूसरा आवास वहीं बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री इंदौर में बस कर क्या करेंगे? इंदौर को सिर्फ ऊपर से सजाने-संवारने की कोशिशें की जाती रही हैं।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले से उठा सवाल, क्या ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख दिया है?

■ नीरज कुमार दुबे

अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करने का दावा किया है। यह अंतरराष्ट्रीय जगत में एक संवेदनशील और ऐतिहासिक घटनाक्रम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई और सैन्य हमले किये हैं। ट्रंप ने कहा है कि मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है तथा देश से निकाल दिया गया है और वे अगली कानूनी प्रक्रिया के लिये अमेरिका ले जाये गये हैं। इस कार्रवाई को ट्रंप ने अपनी योजना के मुताबिक सफल बताया है तथा इसे वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। हालांकि हमले के विवरण और ठोस प्रमाण अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

वहीं वेनेजुएला सरकार ने इसे अमेरिकी सैन्य आक्रमण तथा आंतरिक संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही वेनेजुएला में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गयी है तथा नागरिकों से व्यापक विरोध और प्रतिरोध की अपील की गयी है। इस बीच, विश्व समुदाय के कई देश इस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, कुछ ने इसे कूटनीति की आवश्यकता बताया है जबकि रूस, चीन तथा अन्य ने कड़ी निंदा की है। देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। जब किसी देश का नेता बिना संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध, बिना स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय विधिक अधिकरण के निर्देश और बिना अन्तरराष्ट्रीय समुदाय की सहमति के किसी दूसरे देश में सैन्य हस्तक्षेप कर उसके सर्वोच्च नागरिक नेतृत्व को हटा देता है तो यह कृत्य न केवल उन मूलभूत मानकों का उल्लंघन है जिन पर आधुनिक विश्व राजनीति टिकी हुई है बल्कि यह नए वैश्विक संकटों के लिये एक मिसाल भी स्थापित करता है।

पहला सवाल यह है कि क्या ट्रंप का कदम जायज है? क्या ऐसा किसी भी न्यायिक या राजनीतिक मानक पर सही ठहराया जा सकता है? देखा जाये तो संप्रभुता किसी भी वैश्विक समझ का मूल आधार है और किसी भी देश की आंतरिक व्यवस्थाओं के प्रति बाहरी हस्तक्षेप को तभी वैध ठहराया जा सकता है जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भीतर व्यापक बहुमत द्वारा अनुमोदित हो या जब प्रत्यक्ष एवं



सुनिश्चित मानवाधिकार संकट हो। नरसंहार या बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध की स्थितियों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसी स्वीकृति मिल सकती है लेकिन वेनेजुएला में ऐसे कोई हालात नहीं थे। वेनेजुएला की परिस्थिति चाहे जितनी भी विवादास्पद और जटिल रही हो, अमेरिका का यह एकतरफा सैन्य निर्णय अंतरराष्ट्रीय क़ानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों के सीधे विपरीत है। इसे केवल एक देश के भीतर मानवीय संकट या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के समाधान के रूप में पेश करना नास्तिकता के समान है। ट्रंप प्रशासन के पास यदि मादुरो के खिलाफ वाकई मजबूत सबूत थे तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय न्यायालय या किसी बहुपक्षीय मंच पर प्रस्तुत किया जाना चाहिये था न कि अपने देश की सैन्य ताकत का उपयोग कर सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए था।

दूसरा सवाल यह है कि क्या कूटनीति की दुनिया में इस कदम को उचित कहा जा सकता है? देखा जाये तो कूटनीति वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक तनावों तथा सत्ता के संघर्षों को बातचीत, समझौते और मध्यस्थता के ज़रिये सुलझाने की कला है। कूटनीति कभी प्रत्यक्ष हिंसात्मक उपायों को प्रोत्साहित नहीं करती। यदि अमेरिका को वास्तव में वेनेजुएला की वर्तमान प्रणाली में विसंगतियाँ और समस्यायें दिखतीं थीं तो उसके लिये संयुक्त राष्ट्र, ओएएस या किसी अन्य बहुपक्षीय संगठन के साथ मिलकर दबाव बनाना अधिक न्यायोचित और प्रभावी विकल्प होता। इसलिए ट्रंप प्रशासन का यह कदम कूटनीति की भावना का उल्लंघन है और यह उन सभी प्रयासों को भी बेअसर करता है जो शांति, संयम और सामूहिक समाधान की ओर इंगित करते हैं। जब राजनयिक रास्ता खुला रहता है तो हवाई हमले, बमबारी और अस्थिरता फैलाने वाले कदम किसी भी सभ्य कूटनीतिक प्रणाली का अंग नहीं बन सकते।

अब तीसरा सवाल यह है कि आगे वेनेजुएला का क्या होगा? देखा जाये तो उस देश का एक अस्थिर भविष्य बेहद संभावित है। हिंसात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के भीतर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ और भी भयावह हो सकती हैं। यह देश पहले ही आर्थिक मंदी, मुद्रास्फीति तथा सामाजिक असंतोष का शिकार है, ऐसे में एक बाहरी सैन्य हमले से जनता का मनोबल गिर सकता है, नागरिक प्रतिरोध भड़क सकता है तथा आंतरिक संघर्ष और अधिक गहरा हो सकता है। इसके अलावा यह कदम लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीय स्थिरता को भी दहला सकता है और पड़ोसी देशों को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर सकता है।


चौथा सवाल अंतरराष्ट्रीय सामरिक प्रभावों से संबंधित है। देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की यह नीति, वैश्विक सामरिक संतुलन पर लंबी अवधि में गंभीर प्रभाव डाल सकती है। ट्रंप द्वारा ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हुए धमकी देना और अब वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप जैसे कदम यह संकेत देते हैं कि अमेरिका एक ऐसा वैश्विक प्रहरी बनने की इच्छा रखता है जो अपने हितों को थोपने के लिये सैन्य बल का उपयोग करता है यह विश्व को दोध्रुवीकृत कर सकता है। निश्चित ही यह सब अमेरिका की विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का काम करेगा। रूस, चीन और अन्य राष्ट्र पहले ही अमेरिका के इस कदम की निंदा कर चुके हैं तथा इसे सामरिक आक्रमण बता रहे हैं। देखा जाये तो वैश्विक सुरक्षा तंत्र पहले से ही तनावों और विभाजनों से जूझ रहा है, ऐसे में एक प्रमुख सुपरपावर द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ हमला करना वैश्विक शासन और सहयोग के लिये एक गंभीर प्रश्न छोड़ता है।

देखा जाये तो अंतरराष्ट्रीय न्याय और मानवाधिकार का सम्मान केवल शब्दों में नहीं होना चाहिए बल्कि उसे कार्यनीतिक फैसलों और कार्रवाईयों में भी प्राथमिकता दी जानी चाहिये। एक अनियंत्रित और एकतरफा सैन्य कार्रवाई का समर्थन करना दीर्घकालीन वैश्विक स्थिरता, शांति तथा न्याय की भावना के खिलाफ होगा। ट्रंप के इस निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मनमाने ढंग से सेना, हथियार तथा सैन्य बल की धमकी का प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग को कमजोर करता है तथा विश्व समुदाय के विश्वास को तोड़ता है। इसलिए वर्तमान परिस्थिति में वैश्विक समुदाय को संयम, संवाद और न्यायिक प्रक्रिया की ओर लौटना चाहिए तभी हम एक बेहतर, अधिक सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत विश्व की कल्पना कर सकते हैं।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### चाणक्य नीति: इन लोगों से उम्मीद रखना जीवन की सबसे बड़ी भूल



आचार्य चाणक्य अपनी नीतियों में जीवन के कड़वे लेकिन सच्चे सबक सिखाते हैं। वे कहते हैं कि कुछ लोगों से बिना शर्त अपेक्षा रखना व्यर्थ है, बल्कि इससे दुख और नुकसान ही होता है। चाणक्य नीति हमें सिखाती है कि उम्मीद सही लोगों से रखें, गलत लोगों से अपेक्षा करने से मन टूटता है, समय बर्बाद होता है और जीवन में परेशानियां बढ़ती हैं। ऐसे 5 तरह के लोगों का उल्लेख चाणक्य ने किया है, जिनसे उम्मीद रखना जीवन की सबसे बड़ी भूल है। इनसे दूरी बनाकर जीवन सुखी और सफल बन सकता है। आइए जानते हैं इनके बारे में।

बिना शर्त अपेक्षा करने वालों से मिलता है ज्यादा दुख - चाणक्य नीति के अनुसार, जो लोग बिना शर्त मदद या साथ की अपेक्षा करते हैं, उनसे उम्मीद रखना व्यर्थ है। ऐसे लोग स्वयं कुछ नहीं करते, लेकिन दूसरों से हमेशा अपेक्षा रखते हैं। इनसे उम्मीद करने पर जब अपेक्षा पूरी नहीं होती तो दुख ज्यादा होता है। चाणक्य नीति सिखाती है कि ऐसे लोगों से दूरी बनाएं, वरना मानसिक तनाव और निराशा बढ़ेगी। जीवन में सकारात्मक लोगों से ही अपेक्षा रखें तो दुख कम होगा। स्वार्थी लोगों से उम्मीद रखना व्यर्थ स्वार्थी व्यक्ति केवल अपने फायदे के लिए रिश्ते रखते हैं। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि स्वार्थी से बड़ा शत्रु कोई नहीं है।

## धर्म-कर्म

### शाम की पूजा के बाद आज जरूर करें ये काम, 2026 में दूर रहेगी बुरी नजर

नए साल ने दस्तक दे दी है और हर कोई चाहता है कि उसके लिए अबसे सारी राह आसान हो जाए। हर किसी को नए साल से कोई ना कोई उम्मीद जरूर होती है। लोग अपने-अपने अंदाज में साल के पहले दिन को खास बनाते हैं। कोई घर में पूजा करता है तो कोई अपनों के साथ बाहर घूमने जाता है। तो कई लोग मंदिर जाकर भगवान का आशीर्वाद लेते हैं। वहीं नए साल के मौके पर अगर आप घर में हैं तो वास्तु के हिसाब से कुछ उपाय जरूर करने चाहिए। नए साल पर शाम की पूजा के बाद घर में एक ऐसी चीज आप कर सकते हैं, जिससे साल भर बुरी नजर आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। तो चलिए जानते हैं कि आखिर शाम की पूजा के बाद आज क्या करना है? नए साल के दिन घर पर शाम की पूजा के दौरान भगवान शिव और विष्णु जी को जरूर याद करें। आज दोनों का दिन है। बता दें कि साल के पहले दिन ही प्रदोष व्रत है जोकि भगवान शिव को समर्पित है। शाम में इनकी पूजा करने के बाद पूरे घर की नजर उतार दें। वास्तु के नियम के अनुसार आज के दिन अगर आप घर की नजर उतारेंगे तो पूरे साल बुरी नजर बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। वास्तु शास्त्र के हिसाब से घर की नजर उतारने के लिए आसानी से मिल जाने वाली चीजों की ही जरूरत पड़ती है। पीली सरसों, कपूर, तेजपत्ता और धूप कोन को जलाकर संकप्ल लें कि आप अपने घर की पॉजिविटी के लिए ये सब कर रहे हैं। पूजा घर में ही इसे जलाएं और इसके बाद बारी-बारी से घर के हर कमरे में इसकी धूप दिखाएं। नजर उतारने के बाद जली हुई चीजों को घर के बाहर किसी पेड़ के नीचे डाल आएं।

## आंचलिक

### धान खरीदी केन्द्र के निरीक्षण में निर्धारित मात्रा से कम धान मिलने पर हुई कार्रवाई

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री हरिस एस के निर्देशानुसार तहसीलदार बस्तर द्वारा विगत दिनों धान खरीदी केंद्र रेटावण्ड का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, साथ ही उक्त धान खरीदी केन्द्र में भौतिक सत्यापन के दौरान उपार्जित धान के लगभग 50 बोरे का रेण्डम जांच सहित तौल करवाया गया, जिसमें 20 प्रतिशत धान से भरे बारदाने में निर्धारित वजन से कम धान पाया गया। तहसीलदार बस्तर के प्रतिवेदन के आधार पर उक्त लापरवाही बरतने के कारण सम्बंधित समिति प्रबंधक की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उपायुक्त सह?कारिता संस्थाएं द्वारा प्रभारी समिति प्रबंधक रेटावण्ड को नोटिस जारी किया गया। वहीं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त संस्था के प्रभारी समिति प्रबंधक श्री गौतम तिवारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए सम्बंधित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# ग्राम पंचायतों में लगाया जा रहा है सुशासन एक्सप्रेस शिविर

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** जनपद पंचायत ओरछा क्षेत्रान्तर्गत हॉट बाजार स्थलों में ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों के लिए नवीन राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, श्रम कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, ड्राईविंग लायसेंस, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम आवास, शौचालय, किसान किताब, नरेगा जॉब कार्ड, पेंशन संबंधित् डीएलसी, डीबीटी, आय, जाति, निवास तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने एवं अन्य समस्याओं के निराकरण किये जाने हेतु सुशासन एक्सप्रेस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन एक्सप्रेस शिविर में स्वास्थ्य, पशुपालन, मत्स्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, परिवहन, पुलिस, श्रम, कृषि, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं अन्य विभागों के जिला स्तर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर चयनित ग्रामों के हितग्राहियों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं का शिविर स्थल पर निराकरण करेंगे।

05 जनवरी को ग्राम पंचायत कुंदला, 06 जनवरी को ग्राम पंचायत सोनपुर, 07 को ग्राम पंचायत मेटानार (आंगनबाड़ी भवन ढोडरीबेड़ा), 08 को ग्राम पंचायत गारपा (बाजार स्थल), 09 को गारपा (आंगनबाड़ी के सामने होरादी), 12 को गारपा (बालक आश्रम मसपुर), 13 को ग्राम पंचायत मेटानार भवन, 14 को कुंदला (आंगनबाड़ी भवन मुरहापदर), 15 को मुरनार पंचायत भवन, 16 को मुरनार आंगनबाड़ी भवन बेचा, 19 को ग्राम पंचायत कोहकामेटा (प्राथमिक शाला भवन किहकाड़), 20 को ग्राम पंचायत भवन कोहकामेटा, 21 को ग्राम पंचायत कच्चापाल (आरकेएम आश्रम ईरकभट्टी), 22 को ग्राम पंचायत भवन कच्चापाल, 23 को ग्राम पंचायत कच्चापाल (आंगनबाड़ी भवन कानागांव), 27 को ग्राम पंचायत कुतुल (कोडलियर गांव के समीप), 28 को बालक आश्रम मोहंदी, 29 को ग्राम पंचायत कोडोली उर्फ कस्तुरमेटा (बाजार स्थल कुस्तुरमेटा), 30 को आंगनबाड़ी भवन हिकपाड़ में तथा 02 फरवरी को ग्राम पंचायत नेड़नार (बाजार स्थल आकाबेड़ा) एवं 03 और 04 फरवरी को ओरछा के आठ आश्रम शेड ओरछा में सुशासन एक्सप्रेस शिविर लगाया जाएगा। सुशासन एक्सप्रेस शिविरों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कलेक्टर नम्रता जैन द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्धारित तिथि में आवश्यक अभिलेखों एवं अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को उपस्थित करवाते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया गया है। संबंधित नोडल अधिकारी सुशासन एक्सप्रेस शिविर में माध्यम से प्रतिदिवस प्राप्त, निराकृत एवं लंबित आवेदनों की विभागवार जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## नियद नेल्लानार ग्राम पंचायत बामनपुर में सैचुरेशन शिविर का आयोजन

### ग्रामीणों को मिली विभिन्न शासकीय सेवाएं

समवेत शिखर संवाददाता

**बीजापुर।** नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बामनपुर के आश्रित ग्राम करका वाया, जो कि अनुभाग भोपालपटनम से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अतिसंवेदनशील ग्राम है में आज ग्राम पंचायत भवन में सैचुरेशन शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत बामनपुर के अंतर्गत कुल 6 ग्राम शामिल हैं। आयोजित शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ प्रदान करना रहा। शिविर के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण, आधार कार्ड अपडेट, सोलर पंप हेतु आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों का निराकरण किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामवासी अपने-अपने कार्यों के समाधान हेतु उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) यशवंत नाग द्वारा शिविर में उपस्थित होकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों के त्वरित, पारदर्शी एवं सुचारु निष्पादन के निर्देश दिए।

सैचुरेशन शिविर के सफल आयोजन से ग्रामीणों में संतोष और उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने गांव स्तर पर शासकीय सेवाएँ उपलब्ध कराने की इस पहल के लिए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आज का इतिहास

- ✳2014 : भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। जीसैट - 14 में भारत में निर्मित क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल हुआ था।
- ✳2009 : नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- ✳2008 : यूरोपीय संघ (ईयू) ने पाकिस्तान में चुनाव पर्यवेक्षण अभियान पूर्णरूप से शुरू किया।
- ✳2007 : तंजानिया की विदेश मंत्री आशा रोज मिगरो संयुक्त राष्ट्र की उपमहासचिव नियुक्त।
- ✳2006 : भारत और नेपाल ने पारगमन संधि की अवधि को 3 महीने के लिए बढ़ाया।
- ✳2003 : अल्जीरिया में विद्रोहियों के हमले में 43 सैनिक मरे।
- ✳2000 : अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल एवं सांख्यिकी महासंघ ने पेले को शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया।

# बैलाडिला डिपॉजिट-4 में खदान खुलने का विरोध स्थानीय युवाओं ने पहाड़ पर पहुंचकर किया प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बैलाडिला की पहाड़ी पर डिपॉजिट नंबर-4 को निजी हाथों में बेचने और खदान खोलने का विरोध शुरू हो गया है। दंतेवाड़ा जिले के स्थानीय युवाओं ने बाइक रैली निकाली। कई किमी पैदल चलकर पहाड़ पर पहुंचे।

यहां जमकर नारेबाजी की गई। जंगल-जंगल-जमीन को बचाने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। स्थानीय युवाओं के इस आंदोलन को कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बीएसपी और सीपीआई का भी समर्थन मिला है। कांग्रेस लीडर छविंद्र कर्मा ने कहा कि, यह जंगल और पहाड़ बस्तर को जीवन देता है। इसे बचाने की लड़ाई हमने शुरू की है। यह लड़ाई एनएमडीसी-एनसीएल के खिलाफ खदान क्रमांक-4 से लेकर खदान क्रमांक 13 तक जारी रखेंगे। छविंद्र कर्मा ने कहा कि 26 जनवरी 2026 को खदान क्रमांक 13 जाएंगे। बस्तर के जल-जंगल-जमीन को बचाने हम लड़ाई




लड़ेंगे। युवा नेता राहुल महाजन ने कहा कि, यह जंगल कई प्रकार के दुर्लभ जीव-जंतुओं का घर है। बस्तर को यहीं से ऑक्सीजन मिलता है। खनन करने के लिए साजिश के तहत इस क्षेत्र को भैरमगढ़ अभ्यारण की सीमा से दूर रखा गया है। जबकि इन जंगलों में कई जानवर विचरण करने आते हैं। अब सरकार इसे नष्ट करने की फिराक में है। यदि पहाड़ में खुदाई शुरू होती है तो इसका सीधा नुकसान पर्यावरण और जैवविविधता को होगा हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

# दिन के उजाले में खेत में घूमते दिखे भालू ग्रामीणों डरे, महिला पर कर चुका है हमला

समवेत शिखर संवाददाता

**कांकेर।** कांकेर जिले के चारामा वन परिक्षेत्र के तारसगांव के पास दिन के उजाले में दो भालू खेतों में घूमते हुए देखे गए। यह इलाका गांव से सटा हुआ है और घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जंगली जानवर अक्सर भोजन और पानी की तलाश में शहरी क्षेत्रों की ओर बढ़ते हैं।

कांकेर जिले में भालू और तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का शहरी क्षेत्रों में दिखना आम हो गया है। ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें इन जानवरों ने मनुष्यों और पालतू जानवरों को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के लिए यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।



हाल ही में चारामा के तेलगुड़ा गांव में एक महिला पर 2 भालुओं ने हमला कर दिया था। सुबह झाड़ू लगाते समय हुए इस हमले में महिला के सिर, कमर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। वह अभी भी चारामा अस्पताल में भर्ती है। इन घटनाओं को देखते हुए वन विभाग से ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में लगातार आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के लिए खतरा बढ़ गया है। रात के साथ-साथ अब दिन में भी ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे देखते हुए वन विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि शाम 6 बजे के बाद लोग घर से बाहर न निकलें और अपने पालतू जानवरों का भी ध्यान रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर में निकली शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत



**राजनांदगांव।** सिख समाज के दसवें गुरु गोविंद सिंह साहिब के आगमन प्रकाश पर्व पर शनिवार को शहर में आकर्षक रथ के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। पुष्प वर्षा कर इसका स्वागत किया गया। करतब और कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया। इससे पहले गुरुद्वारा साहिब से सुबह प्रतिदिन सिख समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। शहर भ्रमण कर शबद गायन किया जा रहा था। गुरुद्वारा को आकर्षक रंगीन विद्युत झालरों से सजाया गया है।

### मैनेजर ने 3.38 लाख रुपए का किया गबन

**राजनांदगांव।** ममता नगर में स्थित भारत फइनेंस कंपनी के मैनेजर पर 3 लाख 38 हजार रुपए के गबन की शिकायत हुई है। कोतवाली पुलिस ने उक्त मैनेजर पर एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नागेश्वर साहू कंपनी में मैनेजर के पद पर पदस्थ था। जिसका काम लोन की किस्त को कंपनी के खातें में जमा करना था। नागेश्वर साहू ने 3 लाख 38 हजार रुपए के लोन किस्त की राशि कंपनी खाते में जमा न कर खुद इस्तेमाल किया।

### छेरछेरा पुन्नी पर कलाकारों ने डंडा नृत्य की प्रस्तुति दी



**डौंडी (बालोद)।** छेरछेरा पुन्नी पर शनिवार को डौंडी नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला। इस अवसर पर लोग घर-घर जाकर छेरछेरा की रस्म निभाते नजर आए। नगरवासियों ने अपनी स्वेच्छा से धान, चावल, नगद राशि, चॉकलेट, बिस्किट सहित अन्य सामग्री दान में दी। स्कूलों में अवकाश होने के कारण स्कूली बच्चों ने भी अपने साथियों की टोली बनाकर छेरछेरा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं ग्राम कलंकपुर और हाटकोदल से आए कलाकारों ने वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर डंडा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। कलाकारों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर लोगों ने उन्हें नगद राशि, चावल सहित अन्य सामग्री दान स्वरूप भेंट की।

# मजबूत सड़क नेटवर्क से अंतिम छोर के गांव तक पहुंचेगी विकास की रौशनी : उपमुख्यमंत्री शर्मा

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 18 करोड़ रूपए की लागत से दो प्रमुख सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 18 करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सड़क निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की बुनियाद होता है। विष्णुदेव साय सरकार का लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर बसे गांव तक भी मजबूत और सुरक्षित सड़क संपर्क उपलब्ध कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से प्राप्त हो सकें। भूमिपूजन किए गए सड़क निर्माण कार्यों में मेन रोड से लासाटोला तक 9.89 करोड़ रूपए की लागत की 15.20 किलोमीटर लंबी सड़क एवं एन.एच.-12ए से भेदली तक 8.13 करोड़ रूपए लागत की 12.91 किमी लंबी सड़क का निर्माण शामिल है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लासाटोला, बदराडीह, बम्हनी, महारटोला, नवागांव, नेवासपुर सहित आसपास के अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही मेन रोड से भेदली जुड़ जाने से भीमपुरी, झिरोनी, जिंदा, खैरझीटी खुर्द, कुटकी पारा, सोनपुरी एवं थूहा डीह के ग्रामीणों को भी बेहतर सड़क सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट और दृढ़ लक्ष्य है कि विकास की रोशनी अंतिम छोर पर बसे गांव तक पहुंचे। इसके लिए मजबूत, सुरक्षित और सर्वमौसम सड़क संपर्क को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा व्यापार एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज जाने में सुगमता मिलेगी और गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सड़क, पुल, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का संकल्प है कि हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जाए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके।

# स्टेकिंग, भौतिक सत्यापन सजगता से करें : कलेक्टर



समवेत शिखर संवाददाता

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में वास्तविक किसानों की उपज की ही खरीदी करना है। इसमें किसी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए।

किसानों को धान खरीदी केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। कलेक्टर ने अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर निडर होकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतरराज्यीय सीमाओं पर अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। किसान को कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फोन के माध्यम से सूचित कर सकते हैं। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में भौतिक सत्यापन का कार्य सावधानी के साथ करने कहा। बदलाव या अन्य कार्य करने पर पंचनामा अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए और इसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने के लिए कहा। स्टेकिंग के कार्य को अच्छे से कराने कहा। जिससे भौतिक सत्यापन सही तरीके से हो सके।

# छेरछेरा तिहार : छत्तीसगढ़ की आत्मा, कृषि परंपरा का प्रतीक : पार्षद शिव वर्मा

समवेत शिखर संवाददाता



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और कृषि परंपराओं का प्रतीक छेरछेरा तिहार पौष पूर्णिमा के अवसर पर पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव नगर निगम भाजपा के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने इस पर्व को सामूहिकता, अन्नदान, सामाजिक समानता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया।

नवागांव में महिलाओं ने आत्मीयता से छेरछेरा तिहार मनाया। इस दौरान पार्षद राजा तिवारी ने अन्नदान किया। जिला पंचायत सदस्य विभा साहू ने भी अपने गांव में महिलाओं के साथ मिलकर अन्न एकत्रित किया। छेरछेरा तिहार छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण फसल उत्सव है। यह नई फसल के घर आने की खुशी को सामूहिक रूप से मनाने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक मजबूत सांस्कृतिक सूत्र है।

वर्मा ने बताया कि इस दिन बच्चे घर-घर जाकर 'छेरछेरा' मांगते हैं। लोग उन्हें नए धान, चावल, अनाज और अपनी श्रद्धा अनुसार पैसे दान में देते हैं। यह परंपरा समाज में अन्नदान की भावना को प्रोत्साहित करती है और यह संदेश देती है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे। छेरछेरा तिहार सामाजिक समानता का भी प्रतीक है, क्योंकि इस पर्व में जाति, वर्ग या आर्थिक स्थिति का कोई भेद नहीं होता। हर घर और आंगन से खुशियां निकलकर पूरे समाज में बंटती हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है।

यह पर्व प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का भी माध्यम है, जहां किसान अच्छी फसल के लिए धरती, जल, सूर्य और प्रकृति को धन्यवाद देता है। यह हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और लोक संस्कृति को सहेजने की प्रेरणा देता है।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की

### राष्ट्रीय आयोजन के गरिमा के अनुरूप सफल एवं बेहतर आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** मुख्य सचिव विकासशील ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 09 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन के संबंध में आज संबंधित विभाग के सचिवों, संचालकों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा बालोद जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर आयोजन से जुड़े प्रत्येक बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं बालोद जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को पहली बार आयोजित हो रहे इस नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि बालोद जिले के ग्राम दुधली में प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन राष्ट्रीय आयोजन के गरिमा के अनुरूप बेहतर एवं उत्कृष्ट होना चाहिए। उन्होंने इस प्रथम नेशनल रोवर रेंजर जंबूरी के भव्य एवं गरिमामय आयोजन हेतु सभी तैयारियां शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभाग के सचिवों एवं कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से संपूर्ण व्यवस्थाओं की तैयारियों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली।

# कलेक्टर ने की धान खरीदी के कार्य की तहसीलवार समीक्षा

### एसडीएम, तहसीलदार, आरएईओ, आरआई, पटवारी एवं समिति प्रबंधक बैठक में हुए शामिल

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में तहसीलवार समीक्षा बैठक आयोजित कर धान खरीदी के कार्य की विस्तृत समीक्षा की। जिससे कि 31 जनवरी तक चलने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शेष 20 दिनों में जिले में सफलतापूर्वक संपन्न होने के साथ-साथ शत प्रतिशत किसानों के धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। समीक्षा बैठक में संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं समिति प्रबंधकगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी तहसीलों में रकबा समर्पण के अंतर्गत सबसे उत्कृष्ट कार्य करने वाले धान उपार्जन केन्द्रों के समिति प्रबंधकों के अलावा निगरानी दल में शामिल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने रकबा समर्पण के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरपी राठिया, कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चंद्राकर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# दुर्ग में 6 जनवरी से स्कूल नेशनल गेम्स

### 29 राज्यों के 329 खिलाड़ी कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम, आज से पहुंचेंगे खिलाड़ी

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग-भिलाई।** दुर्ग जिले में 69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता (आयु वर्ग 14 वर्ष बालक) का आयोजन जाएगा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 6 जनवरी से 9 जनवरी 2026 तक भिलाई में आयोजित होगी। प्रतियोगिता के मुकाबले भिलाई नायर समाजम हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सेक्टर-2 स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में खेले जाएंगे।

वहीं प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह भिलाई विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-2 के खेल मैदान में होगा। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के कुल 29 राज्य भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 329 खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे, जबकि 87 ऑफिशियल्स भी प्रतियोगिता से जुड़े रहेंगे। इसके अलावा लोक शिक्षण संचालनालय, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के 45 ऑफिशियल्स भी आयोजन की व्यवस्थाओं में शामिल रहेंगे। दुर्ग संभाग से कुल 136 व्यायाम शिक्षक व अधिकारी प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अलग-अलग दायित्व निभाएंगे। 69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी जयंत वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202512290400127/ अ-2 वर्ष 2025-26 साकिन-ठंडार, प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धांत जैन पिता संदीप जैन, निवासी गवली पारा वार्ड 33 दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम ठंडार, प.ह.नं. 04, तहसील गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 132/8 रकबा 2.4280 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 2.4280 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.01.2026 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202512290400126/ अ-2 वर्ष 2025-26 साकिन-चकनार, प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अतुल अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल निवासी समता कॉलोनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम चकनार, प.ह.नं. 04, तहसील गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 707/4 रकबा 1.6180 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.6180 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.01.2026 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202512290400125/ अ-2 वर्ष 2025-26 साकिन-चकनार, प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कर्नावट पिता भूरचंद कर्नावट, निवासी टैगोर नगर, कटोरा तालाब रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम चकनार, प.ह.नं. 04, तहसील गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 707/5 रकबा 1.6180 हे. कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.6180 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.01.2026 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान

# माता शाकम्बरी की कृपा से समाज समृद्धि के पथ पर अग्रसर हो रहा : उपमुख्यमंत्री शर्मा

### उपमुख्यमंत्री ने ग्राम सोहागपुर में किचन शेड का किया लोकार्पण

समवेत शिखर संवाददाता



**रायपुर।** माता शाकम्बरी जयंती के पावन एवं पुण्य अवसर पर शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम मैनपुरी, बीरुटोला, अमलीडीह, बरपेला टोला, सोहागपुर एवं घुघरीखुर्द ग्रामों में आयोजित जयंती समारोहों में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं जिलेवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सोहागपुर ग्राम में किचन शेड का विधिवत लोकार्पण भी किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए माता शाकम्बरी के आदर्शों, सामाजिक समरसता, परिश्रम और सहकारिता की भावना पर प्रकाश डाला तथा कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस दौरान उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली।उ पमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पटेल समाज सदैव से परिश्रमी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज रहा है। माता शाकम्बरी की कृपा से यह समाज धन-धान्य से सम्पन्न रहा है और उसने हमेशा मिल-जुलकर कार्य करने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। मरार-पटेल समाज के भाव में सहकारिता निहित है, जिसके बल पर समाज और सरकार मिलकर विकास के अनेक कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेल समाज अपने उद्यम, श्रम और पुरुषार्थ से न केवल स्वयं आगे बढ़ा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के पोषण और सहयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आज आवश्यकता है कि अन्य समाज भी पटेल समाज के परिश्रम, अनुशासन और सामूहिकता से सीख लें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने माता शाकम्बरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि माता की कृपा से सभी के घरों में धन-धान्य की वर्षा हो, खेत-खलिहान लहलहाते रहें।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202512290400124/ अ-2 वर्ष 2025-26 साकिन-ठंडार, प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिजय कुमार अग्रवाल पिता रामेश्वर अग्रवाल निवासी चौबे कॉलोनी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम ठंडार, प.ह.नं. 04, तहसील गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. क्रमशः 118/7, 129/3 रकबा क्रमशः 0.4860 हे. 0.7290 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 1.2150 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.01.2026 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202512290400144/ अ-2 वर्ष 2025-26 साकिन-चकनार, प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय त्रिपाठी पिता टी.डी. त्रिपाठी जाति ब्राम्हण निवासी डी 032 वालफोर्ट भाटागांव रायपुर कृषक ग्राम चकनार तहसील के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम चकनार, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. चकनार, तहसील गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 707/2 रकबा 0.4550 एवं ख.नं. 707/7 रकबा 0.3540 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.8100 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 12.01.2026 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गण्डई-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202512290400113/ अ-2 वर्ष 2025-26 साकिन-ठंडार, प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप गोयल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी कोटा रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की ग्राम ठंडार प.ह.नं. 04 तहसील गण्डई, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 132/4, 132/5, 133/3, 134, 135/1, 135/2, 135/3, 136/1, 136/2 रकबा क्रमशः 0.1250 हे., 0.6510 हे., 0.6630 हे., 0.3040 हे., 0.2550 हे., 0.0980 हे., 0.2020 हे., 0.2590 हे., 0.3730 हे. कुल खसरा 09 कुल रकबा 2.9300 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त भूमि औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या विशेष को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.01.2026 को उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान

**न्यायालय नायब तहसीलदार, गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.......... अ/27 वर्ष 2025-26
ग्राम टोकरो प.ह.नं. 13 रा.नि.म. पिपरौद
तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ /ना.तह./वाचक-2/2025
नवापारा, दिनांक 02/01/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्द्रजीत कुर्रे पिता स्व. कृपाराम कुर्रे निवासी ग्राम टोकरो के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम टोकरो प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. पिपरौद, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 728, 472/2, 472/8, 1257, 1262, 1319, 1540 रकबा क्रमशः 0.69, 0.18, 0.11, 0.07, 0.10, 0.23 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक के संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को नियमानुसार खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 27/01/2026 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

(मुहर) नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा

## न्यूज ब्रीफ

### मड़ई मेला महोत्सव राज्य की समृद्ध परंपरा : अशवंत

**महासमुंद।** ग्राम बंजारी में छेरछेरा पुन्नी मड़ई मेला कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। ग्रामीणों के नेतृत्व में चंदन फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। तुषार साहू ने कहा छत्तीसगढ़ में मड़ई महोत्सव या मेला एक प्रमुख त्योहार है। मड़ई त्यौहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है। यह त्यौहार न सिर्फ मजेदार और मनमोहक है बल्कि यह राज्य की समृद्ध परंपरा और संस्कृति को दर्शाता है। खास तौर पर गोंड जनजाति से संबंधित लोग इस त्यौहार को काफी उत्साह और आनंद के साथ मनाते हैं। मड़ई मेला का यह त्यौहार दिसंबर से मार्च के महीने तक मनाया जाता है।सरपंच सावित्री राम प्रसाद पटेल, पंच ठाकुर राम, युवा नेता हेमंत जैन, परेश आदि उपस्थित थे।



### किसान कांग्रेस में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**महासमुंद।** जिले में किसान कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने विभिन्न ब्लॉकों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां संगठनात्मक मजबूती, किसान हितों की प्रभावी पैरवी और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से की गई हैं।यह नियुक्ति अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला, प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु, राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार एवं राम मोहन बरुआ, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, प्रदेश संगठन प्रभारी अकील हुसैन तथा संभाग प्रभारी दीपक पाण्डे की सहमति एवं अनुमति से की गई है।नियुक्तियों में शंकर पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष झलप-पटेवा-सिरपुर, डिगेश्वर सत्यम को ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद ग्रामीण, देस्ता चंद्राकर को ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद शहर, अंजोर सिंह ठाकुर को ब्लॉक अध्यक्ष कोमाखान, थलेस चंद्राकर को ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण, हवय लाल यादव को ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा शहर,केशव साव को ब्लॉक अध्यक्ष बसना,विरेन्द्र प्रधान को ब्लॉक अध्यक्ष सांकरा, दिनेश कालसा को ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा,विश्वनाथ नायक को ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली शहर, दिलीप साहू को ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली ग्रामीण, फार्म पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष भंवरपुर तथा भगत राम पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष छुहीपाली नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि वे पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा किसान हितों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का भूमिपूजन

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शहर की पहचान और जीवन रेखा मानी जाने वाली सितली नाला को उसके पुराने गौरवशाली स्वरूप में लौटाने और प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 'अविरल सितली-निर्मल सितली' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।



स्वाध्याय केन्द्र समिति महासमुंद द्वारा आयोजित इस पुनीत कार्य का श्रीगणेश सितली नाला के तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और भूमिपूजन के साथ हुआ। अभियान का शुभारंभ नगर पुरोहित पंकज तिवारी के सानिध्य में हुआ। मंत्रोच्चार और वैदिक रीति-रिवाजों के बीच भूमिपूजन करते हुए उन्होंने प्रकृति संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नदियां और जल स्रोत हमारी सभ्यता के आधार हैं, इनका संरक्षण और संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य है।पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सितली नाला केवल एक जल निकासी का माध्यम नहीं है, बल्कि यह महासमुंद की धड़कन है। वर्षों के अनियंत्रित शहरीकरण और उपेक्षा ने इसे एक नाले के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे अब फिर से एक स्वच्छ जलधारा बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। डॉ. चोपड़ा ने जोर देते हुए कहा कि यह केवल एक सरकारी या समिति का कार्य नहीं है, बल्कि शहर के प्रत्येक नागरिक का कार्य है। उन्होंने आह्वान किया कि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए हमें आज इस नाले के अस्तित्व को बचाना होगा। उन्होंने तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नाले के गहरीकरण के साथ-साथ इसके सौंदर्यीकरण और जल संग्रहण को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण की बात कही और अभियान के बाद लोगों को मिलने वाले लाभ को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासमुंद के नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने इस अभियान हेतु 1 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसी कड़ी में उपस्थित पार्षद माखन पटेल, शुभ्रा मनीष शर्मा, पीयूष अमृत साहू और योगेश्वरी सोनाधर सोनवानी ने भी अपनी पार्षद निधि से 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए सितली नाला के कायाकल्प को शहर के विकास के लिए अनिवार्य बताया।मंचस्थ समिति के सदस्य महेश चंद्राकर ने जल स्रोतों के प्रति अपनी संवेदनशीलता प्रकट करते हुए जनभागीदारी पर बल दिया। भूपेन्द्र राठौड़ ने युवाओं को इस अभियान से जुड़ने की बात कही। बी.आर. साहू ने पर्यावरण संतुलन के लिए नाले की स्वच्छता को जरूरी बताया। गोवर्धन प्रधान ने नाले के किनारों पर होने वाले वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित किया। जसबीर सिंह मक्कड़ ने इसे शहर की साख से जोड़ते हुए सहयोग का आश्वासन दिया और एक लाख रुपए अभियान हेतु देने की घोषणा की। महेंद्र सिका ने सामुदायिक प्रयास से बड़े परिवर्तन संभव होने की बात कहकर उपस्थित जनों का उत्साह बढ़ाया। स्वाध्याय केन्द्र समिति द्वारा संचालित इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सितली नाला का पूर्ण कायाकल्प करना है। इसके अंतर्गत नाले में वर्षों से जमी गंदगी, प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट की व्यापक सफाई की जाएगी। जलभराव और अवरोधों को हटाकर नाले के प्राकृतिक प्रवाह को सुचारू बनाया जाएगा। साथ ही, नाले के किनारों पर वृक्षारोपण और सुरक्षात्मक उपाय किए जाएंगे। योजना में शहरवासियों के लिए पैदल पार पथ (वॉकिंग ट्रैक), फुट ओवर ब्रिज, गार्डन और लाइटिंग की व्यवस्था भी शामिल की जाएगी, ताकि यह स्थान पर्यटन और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उपयोगी बन सके।

# निर्माण कार्य में लापरवाही पर पालिकाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

### गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते दूषित पानी का कुएं एवं बोर में हो रहा रिसाव

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्रमांक 4 मां शारदा मंदिर के समीप तुमगांव रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण सहित नाली निर्माण कार्यों का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार एवं विभाग की घोर लापरवाही सामने आई। घटिया एवं गुणवत्ताहीन नाली निर्माण के कारण नाली का दूषित पानी आसपास के घरों के कुएं एवं बोरवेल के जल में मिल गया है। जिससे क्षेत्र का पेयजल पूरी तरह दूषित हो गया है। पानी में बदबू एवं झाग स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि यह जल किसी भी प्रकार के उपयोग योग्य नहीं है। जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने पीडब्ल्यूडी के मुख्य कार्यपालन अभियंता शेखर चंद्राकर से दूरभाष पर चर्चा कर कड़ी नाराजगी जताई एवं तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी विभाग एवं ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिम्मेदारों को हर हाल में जवाबदेह बनाया जाएगा।



# महासमुंद–राजिम मार्ग सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए 147 करोड़ रुपए स्वीकृत

### महासमुंद और गरियाबंद दोनों जिलों के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए आवागमन आसान होगा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य की सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पांच जिलों के लगभग 174 किलोमीटर लंबी सड़कों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इसमें राजिमङ्कफिंगेश्वरङ्कमहासमुंद मार्ग के 35.5 किमी हिस्से के उन्नयन के लिए 146.86 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।



इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने केंद्र एवं राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि केंद्र सरकार की यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को नई दिशा देगी। बेहतर सड़कें न केवल यातायात को सुरक्षित बनाएंगी, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देंगी। उन्होंने आगे कहा कि महासमुंद से फिंगेश्वर और राजिम तक मार्ग का उन्नयन कार्य क्षेत्र की जनता के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। दोनों जिलों को जोड़ने वाले इस सड़क के माध्यम से व्यापार सहित अन्य गतिविधियां जुड़ी हुई है। लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लोगों द्वारा भी काफी समय से इस मार्ग के उन्नयन की मांग की जा रही थी। राजिम पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थल है। आगामी दिनों में यहां लगने वाले मेला में भीड़ उमड़ती है। महासमुंद से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु राजीवलोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव के दर्शन करने जाते हैं, जिनका सफर अब सुगमता से पूरा होगा।

**आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण :** महासमुंद को राजिम से जोड़ने वाले यह मार्ग आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से 35 किमी का सफर अब कम समय में और सुगमता से पूरा होगा। महासमुंद और गरियाबंद दोनों जिलों के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए आवागमन आसान होगा, जिससे व्यापार और शिक्षा के क्षेत्रों में नई गति आएगी। फिंगेश्वर क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीण जो महासमुंद की सीमा के आसपास हैं वें चिकित्सकीय सुविधा के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज भी आते हैं। इन सभी के लिए यह काफी लाभदायक साबित होगा।

# नियम विरूद्ध संचालित फर्शी पत्थर खदानों की होगी शिकायत: पंकज साहू

### अनुमति से अधिक गहराई व क्षेत्रफल में फर्शी पत्थर खदानों का हो रहा अवैध संचालन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** पूर्व पार्षद व समाज सेवी पंकज साहू ने कहा कि महानदी किनारे बड़ी संख्या में अवैध रूप से फर्शी खदानों का संचालन किया जा रहा है। खदान संचालक पर्यावरणीय नियमों की धिज्जया उड़ा रहे हैं। जिसका उच्च स्तर पर शिकायत की जाएगी। आवश्यक होने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा।

पूर्व पार्षद ने कहा कि महानदी के किनारे स्थित गाँवों में संचालित फर्शी खदानों के संचालन में एनजीटी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। फर्शी खदान माफियाओं के मनमानी का दंश झेल रही जीवन दायनी महानदी अपने अस्तित्व बचाने गुहार लगा रही है। लेकिन, इस पर में प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के कारण खदान माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। अनुमति से अधिक क्षेत्रफल व गहराई तक उत्खन्न कर पर्यावरणीय क्षति के साथ-साथ जन सुरक्षा को भी नजर अंदाज किया जा रहा है। पंकज ने कहा कि महासमुंद क्षेत्र में अपार खनिज संपदा है। यहां रेत, मुरूम और पत्थर जैसे बहु उपयोगी खदान हैं। लेकिन इस समय इन खनिज संपदाओं का लगातार दोहन कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाई जा रही है। छत्तीसगढ़ की जीवनदायनी महानदी में एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाते अवैध फर्शी पत्थर खदानों का संचालन किया जा रहा है। इन खदानों के मनमानीपूर्ण संचालन पर शासन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। खनिज विभाग के अधिकारी खदान संचालकों से मिलीभगत कर महानदी के अस्तित्व को संकट में डाल रहे हैं।

गहरे खदान आमजनों सहित मवेशियों के लिए संकट बन गया है। खदानों के अपशिष्टों को महानदी के तट पर भंडारण किया जा रहा है। रोजाना सैकड़ों वाहन कटिंग पत्थर से महानदी को पाट रहे हैं। जिससे ग्राम निसदा में महानदी की चौड़ाई सिमट गई है। भविष्य में इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो महानदी के किनारे स्थित गांवों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाएगी।

# बाइक रैली निकालकर सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पुलिस महासमुंद द्वारा 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की मंशा के अनुरूप किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य 'सड़क सुरक्षा से जीवन रक्षा' की संकल्पना को धरातल पर उतारना है। शहीद सहायक उप निरीक्षक स्व. विवेकानंद त्रिपाठी की पुत्री जागृति त्रिपाठी, शहीद आरक्षक स्व. प्रमोद पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती किरण पटेल, शहीद आरक्षक स्व. गौतम पाण्डेय की पुत्री मीनाक्षी पाण्डेय के हाथों हेलमेट रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पुलिस, यातायात विभाग, परिवहन विभाग की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सड़क दुर्घटनाएं केवल आंकड़े नहीं होतीं, बल्कि उनके पीछे परिवारों का उजड़ना, आर्थिक संकट और मानसिक आघात छिपा होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि यातायात नियमों का पालन किसी मजबूरी के तहत नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की, कि दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। नशे की हालत में वाहन चलाने को न केवल अपराध, बल्कि आत्मघाती कदम बताते हुए इससे दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही युवा वर्ग से तेज रफ्तार के रोमांच से बचने और संयमित ड्राइविंग अपनाने का आग्रह किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक जिलेभर में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।



# समाज में हो समरसता का भाव: यशोदा चौहान

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति आचार्य चाणक्य बस्ती के तत्वावधान में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हनीड्यू स्कूल के सामने मैदान में भव्य हिन्दू सम्मेलन रखा गया। इस अवसर पर मंचस्थ संत समाज की ओर से जवाहर लाल त्रिवेदी (ज्योतिषाचार्य), महिला वक्ता सुश्री यशोदा चौहान (सचिव महिला समिति एकल अभियान महासमुंद), मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा (प्रांत संयोजक कुटुंब प्रबोधन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छत्तीसगढ़) उपस्थित थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचस्थ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए पं. जवाहर लाल त्रिवेदी ने कहा,यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम यहाँ चाणक्य बस्ती के मैदान में हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित हुए हैं। यह हमें एहसास दिलाता है कि हमारी समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति क्या जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता का भाव होना चाहिए। हिन्दू एक धर्म है, एक विचारधारा है। हिन्दू ही है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है। उन्होंने हिंदुत्व की अलग-अलग व्याख्या की।

सुश्री यशोदा चौहान ने कहा कि हिंदुत्व भारत की आत्मा है। वेद की रचना भारत में हुई। आज हिन्दू संस्कृति संकटों से जूझ रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के विषय में कहा है, जिसमें स्वदेशी, हमारी वेशभूषा में भारतीय दर्शन हो, विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम प्रयोग हो, त्योहारों और मांगलिक प्रसंगों को हिन्दू पद्धति से मनाना। पर्यावरण, घर में होने वाले आयोजनों में प्लास्टिक व डिस्पोजल का उपयोग नहीं करना, वृक्ष लगाना आदि। समरसता, जाति के आधार पर किसी से भेदभाव न हो।नागरिक अनुशासन, नियमों का पालन करना चाहिए। धरना प्रदर्शन पर शासकीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुँचाना।कुटुंब प्रबोधन, सप्ताह में कम से कम एक बार सारा परिवार बैठे, आपस में सुसंवाद करें। पंच परिवर्तन को हमें व्रत के समान स्वीकार करना चाहिए।मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने कहा कि भारत सनातन धर्म की भूमि है। हमें गर्व है कि हम इस धरती पर पैदा हुए। हमने वर्षों गुलामी झेली, लेकिन हमने अपनी संस्कृति को बचाए रखा। प्राचीन काल में गुरुकुल आश्रम परंपरा से शिक्षा दी जाती थी। नालंदा विश्वविद्यालय, जहाँ अनेक ग्रंथ थे, मुगलों ने उसे नष्ट कर दिया। हमारा इतिहास गौरवशाली इतिहास रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि सामान्य जन में देशभक्ति जागृत करने, हिन्दू समाज को गौरव बोध कराने एवं संगठित करने के उद्देश्य को लेकर सन 1925 को विजयदशमी के दिन नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। आज देश के 83,000 मंडलों में व विदेशों में भी संघ की शाखाएँ चलती हैं। भारत माता की आरती के पश्चात सम्मेलन समाप्ति की घोषणा की गई।

# महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विकास कार्यों की गहन समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** आज जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जिले में संचालित एवं प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान युक्तधारा पोर्टल पर प्रस्तावित एवं स्वीकृत कार्यों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अधिक से अधिक टिकाऊ एवं स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ दीर्घकालीन आजीविका के अवसर भी सृजित हो सकें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों के अभिसरण से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना आवश्यक है, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। आवास निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण से जुड़े कार्यों–जैसे तालाब, चेकडैम, स्टॉपडैम, नाला उपचार एवं अन्य जलसंचयन संरचनाओं–को प्राथमिकता देते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में शीघ्र स्वीकृति कराकर कार्य प्रारंभ किए जाएं।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का चयन ट्रायल में शामिल होंगे जिले के खिलाड़ी

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल एवं हॉकी चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी तक रायपुर में

समवेत शिखर संवाददाता




**महासमुंद।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ राज्य में 14 फरवरी 2026 से निर्धारित किया गया है। जिसमें कुल 9 खेलों को सम्मिलित किया गया है। राज्य दल की भागीदारी सुनिश्चित करने खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी 2026 तक रायपुर एवं बिलासपुर में होना निर्धारित है।

प्रतियोगिता के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का सशक्त माध्यम हैं। छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है तथा राज्य के प्रत्येक जिले में शामिल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी उपलब्ध हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का चयन ट्रायल रायपुर में 6 से 8 जनवरी तक आयोजित होगा। जिसमें वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल एवं हॉकी खेल शामिल हैं तथा बिलासपुर में 7 से 8 जनवरी तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं तैराकी खेल आयोजित होगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका कोई भी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में आयोजित होने वाले खेलों के आयोजन स्थल, दिनांक एवं इवेंट विवरण निम्नानुसार है - वेटलिफ्टिंग 6 जनवरी को प्रातः 9 बजे से एवं कुश्ती, फुटबॉल 07 से 08 जनवरी को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में आयोजित होगा। हॉकी 07 से 08 जनवरी प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। तीरंदाजी (रिकर्व एवं कंपाउंड) एवं एथलेटिक्स स्व. बी. आर. यादव स्टेडियम, बिलासपुर में 07 से 08 जनवरी प्रातः 9 बजे से एवं तैराकी जिला खेल परिसर सरकंडा बिलासपुर में 07 से 08 जनवरी प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी हो खिलाड़ी का अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य हैं। आयु सीमा सभी पात्र महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए खुली हैं। चयन ट्रायल में ओरिजिनल अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र साथ लेकर जाने कहा गया हैं। एथलेटिक्स चयन ट्रायल में व्यक्तिगत स्पर्धा में 100 मीटर, 200, 400, 800, 1500, 5000, 10000, बाधा दौड़ 110 मीटर, बाधा दौड़ 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, 10 किलो मीटर पैदल चाल, 4 गुणा 100 मीटर एवं 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ बालक एवं बालिका शामिल हो सकते हैं। वेटलिफ्टिंग व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में किलो ग्राम 60, 65, 71, 79, 88, 94, 110 एवं 110 किलो से अधिक एवं महिला वर्ग हेतु किलो ग्राम 48, 53, 58, 63, 69, 77, 86 एवं 86 से अधिक हो सकते हैं। तैराकी में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों हेतु व्यक्तिगत स्पर्धा में 50, 100, 200 मीटर फ्री स्टाईल, 50 एवं 100 मीटर बैक स्ट्रोक, 50 एवं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 एवं 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर इंडिविजुअल मिडले, टीम इवेंट में 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाईल रिले एवं 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले आयोजित होंगे। तीरंदाजी में महिला एवं पुरुष दोनों में व्यक्तिगत रिकर्व एवं कंपाउंड एवं टीम इवेंट में रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में शामिल होने वाले खिलाड़ी टीम इवेंट में शामिल हो सकेंगे। पंजीयन लिंक जारी किया गया है तथा जिले के जाने वाले खिलाड़ियों को अधिक जानकारी हेतु खेल अधिकारी महासमुंद 9617500748 से संपर्क कर सूची उपलब्ध किया जा सकता हैं।

# मड़ई मेला छत्तीसगढ़ के समृद्ध परंपरा का प्रतीक: निखिलकांत

### रजकट्टी में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में शामिल हुए पालिकाध्यक्ष

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजिम विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव रजकट्टी में भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन स्थल पर ग्रामीणों द्वारा नपाध्यक्ष श्री साहू का आत्मीय स्वागत किया गया।



स्वागत से अभिभूत नपाध्यक्ष ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को मड़ई मेला की बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि मड़ई मेला हमारा समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में फसल कटाई के बाद मड़ई मनाए जाने की परम्परा है। हमारे प्रदेश की अर्थ व्यवस्था कृषि आधारित है। किसानी काम से निवृत होकर खुशियां मनाने का यह प्रमुख माध्यम है। आज आधुनिकता के युग में भी ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीमती नंदिनी कोमल ढीढी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, इंद्रजीत महाड़ीक जिला पंचायत सदस्य, हरीश साहू सरपंच, ललित साहू, कुंजन लाल साहू संरक्षक जिला साहू संघ, युधिष्ठिर साहू सरपंच रजकट्टी, श्रीमती भारती साहू उप सरपंच, गजाधर साहू, मनोज कुमार साहू, श्रीमती सगनी साहू पंच, सहदेव ध्रुव, केशव सेन, पंच ध्रुव, मुकुल ध्रुव, भागवत साहू, लिखेश्वर नेताम, रूपेश सेन, रोमन ध्रुव, कबीलाश साहू, संतोष साहू, रंजिश शुक्ला, जगदेव साहू, जीवरखन साहू, गेंद यादव, रोहित साहू, रतन ध्रुव, नंदकुमार ध्रुव, गोविंद विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा, बुजुर्ग, माताएं बहने उपस्थित थे।

# ►► न्यूज ब्रीफ



## सतनामी समाज द्वारा सावित्री बाई फुले जयंती का आयोजन

**भाटापारा।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। उक्त कार्यक्रम में मनाली वासनिक शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफइंडिया उपस्थित रही। कार्यक्रम में सतनामी समाज की शीलू महिलांग, मेनका वत्सल,रेखा टंडन, सरिता पात्रे, सतवंतिन पात्रे,मोहनी कोशले, मंजू बंजारे, सरिता ध्रुव ,तनुजा घृतलहरे,भावना हुमने, सतरूपा ध्रुव, ममता बंजारे , बिमलेश्वरी ध्रुव , छाया सोनवानी,अंजू कौशल , टेकराम मिरी, रमेश नवरंगे विरेन्द्र बंजारे, आजाद कौशल, विजय कुमार सोनवानी, रमेश कुमार रात्रे,रतन मिरी,सरगम हुमने, रोशन नारनौरे जितेंद्र पात्रे , शिवमंगल सिंह ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## सोल्ड ट्रैक्टर की चपेट में आने से दुपहिया सवार घायल

**भाटापारा।** शहर सीमा में भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग पर स्थित ग्राम खपराडीह के नजदीक एक तेज रफ्तार सोल्ड ट्रैक्टर की चपेट में आने से संजु सिंह नामक युवक गंभीर रूप से जखमी हो गया प्रारंभिक उपचार के बाद उसे रायपुर अस्पताल ज़ेजा गया है उक्त सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बकुलाही स्थित एक प्लांट में सेवारत युवक संजु सिंह वहा से वापस अपने घर की ओर लौट रहा था कि खपराडीह गांव के मुख्य मार्ग के पास एक तेज रफ्तार टै:क्टर की चपेट में वह आ गया घटना की सूचना पर पुलिस ने सोल्ड ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया है ।

## लड्डु सोनी बने अध्यक्ष

**भाटापारा।** नगर के प्रतिष्ठित ज्वेलर लक्ष्मीनारायण सोनी उर्फ लड्डु को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति पर अनेको लोगो ने बधाई प्रेषित की है ।

## एसपी धमतरी की पहल : जवानों को सुरक्षित निवेश, आयकर नियम और वित्तीय नियोजन संबंधी दी गई महत्वपूर्ण जानकारी



**धमतरी।** धमतरी पुलिस द्वारा पुलिस कर्मियों के वित्तीय सशक्तिकरण के उद्देश्य से आज पुलिस कंट्रोल रूम धमतरी में निवेश एवं बचत विषय पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक धमतरी श्री सूरज सिंह परिहार के निर्देशन एवं उपस्थिति में आयोजित हुई, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सैलरी के बचत पैसों को सुरक्षित निवेश माध्यमों में लगाकर बेहतर रिटर्न प्राप्त करने तथा भविष्य की वित्तीय आवश्यकताओं के लिए योजनाबद्ध बचत करने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में राज्य सरकार के बीच एमओयू (टाईअप)बैंक ऑफ बड़ौदा एवं म्युचुअल फंड विशेषज्ञों की टीम द्वारा सुरक्षित निवेश, एसआईपी एवं म्युचुअल फंड, सरकारी योजनाएँ, आयकर नियम, रिटायरमेंट प्लानिंग और बचत के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई, विवाह, मकान निर्माण और आपतकालीन परिस्थितियों के लिए नियमित बचत एवं वित्तीय अनुशासन अत्यंत आवश्यक है।

## धारदार चाकू से हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी।** सिहावा चौक के पास हिंदू अनाथालय के समीप विकाश मानिकपुरी, मनीष सिन्हा एवं रोहन ठाकुर बैठे हुए थे। उसी दौरान मोहल्ले का निवासी साहिल खत्री वहां पहुँचा। पूर्व में हुए पैसों के लेन - देन को लेकर मनीष सिन्हा द्वारा बात करने पर आरोपी साहिल खत्री ने आपा खोते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से मनीष सिन्हा के पेट एवं पीठ पर प्राणघातक वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसके पेट से आंत (आंतड़ी) तक बाहर आ गई तथा गंभीर रक्तस्राव हुआ। बीच-बचाव करने पर विकाश मानिकपुरी के हाथ में भी चोट आई। घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया।

# प्रो फेडरेशन कप नेशनल वुशु चैंपियनशिप में गरियाबंद के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** राजनांदगांव स्थित संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल में 24 से 30 दिसंबर तक प्रो फेडरेशन कप नेशनल वुशु चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से लगभग 1800 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस चैंपियनशिप में गरियाबंद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। प्रतियोगिता के साथ-साथ आगामी वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप के लिए भारतीय वुशु फाइट टीम के चयन हेतु ट्रायल भी आयोजित किए गए, जिसमें खिलाड़ियों की तकनीक, ताकत, गति, स्ट्राइकिंग, डिफेंस और समयबद्ध खेल कौशल का सूक्ष्म एवं पारदर्शी मूल्यांकन किया गया। ट्रायल प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही। चयनित खिलाड़ी अब राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे, जहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अनुरूप विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके बाद अंतिम टीम का गठन कर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने भेजा जाएगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गरियाबंद जिले से दो खिलाड़ियों ने सहभागिता की, जिनमें से यशोदा ध्रुव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अन्य जिलों के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। गरियाबंद जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ वुशु संघ के अध्यक्ष संजय पिल्ले (डीजीपी), वुशु संघ के जनरल सेक्रेटरी डी. कोंडैया तथा गरियाबंद जिला वुशु संघ के जनरल सेक्रेटरी ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। जो पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।



# क्लींकर लदे हैवी वाहन के डिवाइडर से टकराकर पलटने से यातायात बाधित

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** नये साल में भाटापारा क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे होने से लोगो के मन में भय व्याप्त है व लोगो ने यातायात व्यवस्था को कड़ाई से दुरूस्त करने की मांग की है बीती रात्रि सुहेला क्षेत्र में स्थित श्री सीमेंट सयंत्र से क्लींकर लोड करके बिहार राज्य के औरेंगाबाद जाने निकली वाहन क्रमांक सीजी 15 एफएन 5900 शहर से आधा किलोमीटर दुर कॉलेज गेट के आगे सड़क पर बने डिवाईडर को रौंदते हुए आगे जाकर पलट गई।

घटना मध्य रात्रि के बीच होने के कारण कोई बड़ी जनहानि नही हुई । अलबत्ता वाहन के पलट जाने से वाहन पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लोड क्लींकर सड़क पर बिखर गया । हादसे में ड्राईवर की जान बाल बाल बचने से उसने राहत की सास ली है । ड्राईवर का कथन है कि उसे अचानक नींद जैसे लगा जिसके कारण वह सड़क पर बनाये गये डिवाईडर को देख नही पाया व डिवाईडर में गाड़ी चढ़ जाने से गाड़ी पलटने की घटना हुई। रात 12 बजे उक्त हादसा होने के बाद दोपहर 12 बजे तक सड़क को यातायात के लिए खोला नही जा सका था जिसके कारण यातायात में लगातार बाधा उत्पन्न हुई व लोग परेशान होते रहे।

# केसीपीएस कुरूद में वार्षिक उत्सव में उमड़ी लोक संस्कृति की छटा, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

समवेत शिखर संवाददाता

**कुरूद।** कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल कुरूद में शनिवार को वार्षिक उत्सव 'रिदम -12' का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर की गरिमामयी उपस्थिति रही।अध्यक्षता समाजसेवी भानु चंद्राकर ने की। आकर्षक साज-सज्जा और भव्य लाइट डेकोरेशन के बीच हो रहे इस मनमोहक आयोजन ने पूरे कुरूद को महका दिया ।



अतिथियों ने कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर ज्ञानदायिनी मां सरस्वती को नमन किया। इसके उपरांत प्राचार्य के मंजीता ठाकुर ने विद्यालय का प्रतिवेदन पाठ करते हुए यहां की उपलब्धियों , परीक्षा परिणाम और विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत होनहार बच्चों की गतिविधियों से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि विगत वर्ष बोर्ड कक्षाओं में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा , साथ ही कई क्षेत्रों में हमारे बच्चों ने अग्रणी रहकर विद्यालय का मान बढ़ाया है । इसके उपरांत मुख्य अतिथि के करकमलों से साल भर विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहे बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिनमे स्टूडेंट्स ऑफ द इयर के सम्मान से हेतल देवांगन बारहवीं विज्ञान की छात्रा को नवाजा गया। मुख्य अतिथि की आसंदी से ज्योति चंद्राकर ने कहा कि कलीराम चंद्राकर पब्लिक स्कूल शुरू से ही पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के लिए पूरे क्षेत्र में विशेष स्थान रखता है। यहां की सुविधाएं और अन्य विशेषताएं अपने महत्व को दर्शाती है।विद्यालय के द्वारा लगातार बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए जो प्रयास किया जा रहा है वह यहां की खूबी को प्रदर्शित करती है । इसके उपरांत कार्यक्रम की श्रृंखला प्रारंभ हुई जिसमें सर्वप्रथम छेरछेरा पर्व पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही रामायण , महाभारत , मै बेटी हु, नारी शक्ति सहित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक विषयों पर शिक्षाप्रद नाटक की मनभावन प्रस्तुति ने लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही गरबा ,पंजाबी तड़का , योगासन, क्लासरूम मैनेजमेंट, हरियाणवी ,रोबोटिक,बंगाली ,राजपूती , बॉलीवुड मिक्स,एवरग्रीन , महाराष्ट्रीयन ,सालसा सहित विभिन्न मनभावन नृत्यों ने समा बांधा ।

# सावित्री बाई फुले जयंती मनाई गई

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** गुरूनानक वार्ड स्थित पंचशील नगर में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फु ले की जयंती कार्यक्रम मनाया गया जिसमें कांग्रेस पार्षद चन्द्रकांत खुटे के अलावा भाजपा लीडर माखन महिलांगे व आयोजन समिति के रोशन नारनवरे , प्रमोद ऋषि , मोनु मेशराम , कपील गौतम , सरगम हुमने , वंदना उईके , तिर्थना मड़ामे , कविता ऋषि , जयश्री नारनवरे , कल्पना रामटेके , वैशाली राउत , अमायरा राउत , हंसनी कोंडाने , सारांश वैदे , सारांश मड़ामें , आयुष वैदे , मोनु मेशराम , रत्नमाला वैदे , रतिका वैदे , आयशा रामटेके , कल्पना रामटेके , पुजा डोंगरे , शारदा गजभिये , अरूणा सतदेवे , अश्वनी मेशराम , सीमा रामटेके , रत्ना सुनिता बंशोड़ , भावना होमने, शिल्पा बनसोड़ , कोमल ऋषि , पुनम ऋषि लता खोबरागड़े , शिल्पा भनसोड़ , दिव्या ऋषि सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजुद थे।

# सुनील गुप्ता पर हमले के दूसरे आरोपी भी पुलिस के शिकंजे में फंसा

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष के बड़े ज़ाई सुनिल गुप्ता के ऊपर उनके हटरी बाजार स्थित गुप्ता स्वीट्स में जानलेवा हमला करने तथा नगद राशि लुटकर फरार होने वाले दुसरे आरोपी को ज़ी पुलिस ने पकड़ लिया है उपरोक्त सबंध में मिली जानकारी के अनुसार सन् 2025 में 23 अक्टुबर की रात्रि सुनिल गुप्ता जब अपनी दुकान गुप्ता स्वीट्स में बैठे थे उसी दौरान रात्रि में विवेक गुप्ता उर्फ गोपाल एवं अरूण वर्मा पैदल वहां पहुंचे एवं अश्लील गाली गलौच करते हुए सुनिल गुप्ता के चेहरे पर वार कर दिया जिससे सुनिल गुप्ता के आंख में पहने चश्मा टुट गया और नाक के पास गंभीर चोट लगी उस दौरान लुटेरो ने उसके जेब से 5 हजार रूपये ज़ी लुटकर ज़ाग खड़े हुए । सुनिल द्वारा बचाओ बचाओ की आवाज लगाने पर आरोपी बाजार में इधर उधर गली के रास्ते से भाग गये थे । इस बीच सुनिल गुप्ता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पहले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन घटना में शामिल दुसरा आरोपी फरार था जिसपर पुलिस ने सघन पतासाजी करते हुए दुसरे आरोपी अरूण वर्मा मुल निवासी कल्याणपुरा शिरडी हॉल निवासी सिहोर जिला के इच्छावर गांव से पकड़ा है पुलिस पुछताछ में उसने विवेक गुप्ता के साथ मारपीट व लुट में शामिल होने की बात कबुल किया है। पुलिस ने दुसरे आरोपी को ज़ी विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध के बाद जेल भेज दिया है।

# कंडरा आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन हेतु 25 लाख की स्वीकृति

## विधायक रोहित साहू का जताया आभार, राजिम मेला मैदान के पास होगा भवन का निर्माण

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।** कंडरा आदिवासी समाज राजिम राज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधायक रोहित साहू द्वारा 25 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सामुदायिक भवन राजिम के मेला मैदान क्षेत्र में कंडरा आदिवासी समाज की स्वयं की भूमि पर, मेला मैदान स्थल के समीप निर्मित किया जाएगा, भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर कंडरा आदिवासी समाज के समाज प्रमुखों एवं पदाधिकारियों ने विधायक निवास पहुँचकर विधायक रोहित साहू से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर समाज की ओर से विधायक को गुलदस्ता, शाल एवं श्रीफल भेंट कर आभार व्यक्त किया गया, इस दौरान कंडरा आदिवासी समाज राजिम राज के अध्यक्ष विजय कंडरा, टीकम कटियारा, भीम कंडरा, सत्यप्रकाश कंडरा, लोकेश कंडरा, कैलास कंडरा, कौशल कंडरा, बाबुलाल कंडरा, रामकुमार कंडरा, रवि कंडरा, शिवकुमार कंडरा सहित समाज के अन्य सामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। समाजजनों ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से समाज की सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पारंपरिक आयोजनों एवं विकासात्मक गतिविधियों को सुदृढ़ आधार मिलेगा, विधायक रोहित साहू ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास हेतु शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना उनकी प्राथमिकता है। सामुदायिक भवन समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती एवं सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# धूमधाम के साथ मनाया गया छेरछेरा पर्व

समवेत शिखर संवाददाता



**कुरूद।** नगर में बहुत ही धूमधाम के साथ छेरछेरा पर्व मनाया गया । इस अवसर पर सुबह से छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छेरिक छेरा छेर छेरा कहते हुए बच्चों ने परंपरा का निर्वहन किया। इस दौरान लोगों ने अनाज सहित विभिन्न वस्तुओं का दान कर पर्व की खुशियां बांटी।

मान्यता है कि छेरछेरा छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख फसल उत्सव है, जो पौष पूर्णिमा को मनाया जाता है, जिसमें नई फसल की कटाई के बाद अन्नदान और दानशीलता की परंपरा का प्रतीक है, जहाँ बच्चे और युवा घर-घर जाकर अन्न मांगते हैं और लोकगीतों पर नृत्य करते हैं, यह पर्व सामूहिकता, खुशी और ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का उत्सव है, जिसमें भगवान शिव और माता शाकंभरी की पूजा भी की जाती है। यह नई फसल (धान) की कटाई और उसे घर लाने की खुशी का प्रतीक है, जो किसानों की मेहनत का फल होता है।इस दिन लोग अपनी नई फसल का कुछ हिस्सा दान करते हैं, जो दानशीलता और उदारता का संदेश देता है।पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, इसलिए इसे भिक्षा मांगने का दिन भी माना जाता है।यह पर्व समाज के सभी वर्गों को एक साथ लाता है और आपसी सहयोग व भाईचारे को बढ़ावा देता है।

# समाज में रहने वाले लोग भी हमारे प्रेरणास्रोत बनते हैं, संस्कारी व्यक्ति का संग व्यक्ति को संस्कारी ही बनाता है

समवेत शिखर न्यूज

**अहमदाबाद।** इस दुनिया में अनेक प्रकार के लोग है कितने अच्छे है, कितने संस्कारी है, कितने बुरे हैं तो कितने असंस्कारी है। समाज में रहने वाले लोग भी हमारे प्रेरणा स्रोत बनते हैं। किसी व्यक्ति के पास किस प्रकार की प्रेरणा लेनी चाहिए वह हमारे पर आधार है। संस्कारी लोगों के संग से कितने संस्कारी भी बनते हैं। जंबू स्वामी अपनी आठ पत्नियों के साथ शयन कक्ष में बैठे पत्नियों को संसार की असारता बता रहे थे। तभी प्रभव चोर, जंबूस्वामी के यहा चोरी के लिए आए जंबूस्वामी की बातों से प्रभव चोर ने चोरी की बूरी आदत छोड़ी तथा प्रेरणारुप प्रभव चोर ने भी जंबूस्वामी के साथ संयम अंगीकार करने का निर्णय किया। संस्कारी व्यक्ति का संग, व्यक्ति को संस्कारी ही बनाता है ऐसा नहीं परंतु व्यक्ति पर निर्भर है वह अच्छा देखकर अच्छा ही ग्रहण करें तो उसका जीवन सफल ठीक इसी तरह असंस्कारी व्यक्ति का संग पाकर कितने लोग असंस्कारी भी बन जाते है। बुरे लोगों को देखकर कितने लोगों को बूरे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

पूज्यश्री फरमाते हैं मनीसीपालटी वाले ने रास्ते में खड्ढा खोदा हैतो हम सावधानी पूर्वक उस रासेत से जाते हैं। खड्ढे में गिर न जाए इसलिए उस खड्ढे के साईड से निकल जाते हैं। ठीक इसीतरह सामने वाला व्यक्ति के पास किस प्रकार की प्रेरणा लेनी वह हम स्वयं पर आधारित करता है। मानवी यदि निश्चय कर ले तो वह बूरे व्यक्ति में से भी अच्छी प्रेरणा ले सकता है। असंस्कारी व्यक्ति के पास से संस्कार की प्रेरणा ले सकता है।

असंस्कारी व्यक्ति के कार्यो को देखकर मानवी को ऐसी प्रेरणा होनी चाहिए कि बूरे कृत्य से जीवन बिगड़ता है इसीलिए मैं खास ध्यान दूं कि असंस्कार का प्रवेश मेरे जीवन में न होने दूं।

शास्त्रकार महर्षि फरमाते हैं मानव को किस व्यक्ति के पास से कैसी प्रेरणा लेनी चाहिए उसका आधार उनके संस्कारों पर डीपेन्ड करता है। राम एवं श्याम दो सगे भाई। दोनों के स्वभाव में जमीन आसमान का फर्क है। दोनों साथ बड़े हुए साथ में स्कूल गए सोसायटी में भी साथ घूमे फिर भी स्वभाव दोनों का अलग है।

राम कालेज में पढ़ता था। आवारा एवं गुंडा था। लड़कियों को छेड़ता था। पढ़ाी में कमजोर तथा रोज शराब एवं जुआ खेलता था। राम किसी का सुनता नहीं था रोज रात को शराब पीकर घर आकर अपने मां बाप को जैसा तैसा बोलता था। श्याम एक वर्ष छोटा था। पढ़ाई में प्रथम अंक परपास होने वाला।

संस्कारी एवं समझदार लड़का था। कभी किसी व्यक्ति से ऊंची आवाज में बात नहीं करता था। किसी भी प्रकार का व्यसन उसमें नहीं था। हरेक के साथ आदर से बाद करता तथा मां बाप की सेवा ही उसका धर्म था। राम एवं श्याम के काका अमेरिका में रहते थे बीस बरस के बाद भारत आए। राम एवं श्याम के घर की स्थिति देखकर स्तब्ध हो गए। राम के असंस्कार एवं श्याम के संस्कार देखकर आश्चर्य चकित हुए। उनके मन में प्रश्न उठा दोनों भाई एक परिवार में रहते हुए एक ही माहौल में पलने के बावजूद इतना फर्क क्यों? एक दिन मौका देखकर उन्होंने श्याम से पूछा? श्याम ने तार्किक जवाब दिया। काका इसका कारण पिताजी है। उनकी प्रेरणा से हीराम असंस्कारी बना है। वह कैसे? काका मेरे पिताजी भी रोज शराब पीते थे तथा लोगों के साथ मारपीट भी करते थे। राम उन्हीं की प्रेरणा लेकर असंस्कारी बना है। एक मिनिट श्याम, दुं भी तो इसी परिवार में बड़ा हुआ है फिर भी दोनों में अलग क्यों? तु क्यों असंस्कारी नहीं बना? काका आपकी बात सच है ये सभी मानव के स्वभाव पर आधार करता है। मैने पिताजी के कार्यो से अच्छी प्रेरणा ली। मैने देखा कि पिताजी रोज शराब पीकर घर आकर झगड़ा करते थे। एक तो पैसों की बरबादी होती है दूसरा झगड़ने से हमारा स्वयं का जीवन भी बिगड़ता है। ये सोचकर मैने उनके जीवन से प्रेरणा ली कि शराब कभी नहीं पीउंगा तथा जुआ भी नहीं खेलूंगा। राम ने पिताजी के जीवनसे खराब प्रेरणा ली तथा मैने अच्छी प्रेरणा ली। बस आप भी अपने आसपास रहने वाले लोगों के जीवन से अच्छी ही प्रेरणा लेना। प्रभव चोर की तरह संस्कारी के जीवन से अच्छी प्रेरणा लेकर संयम के मार्ग पर अग्रसर होकर मानव जीवन को सफल बनाकर आत्मा से परमात्मा बनें।

# जिले में पहली बार होगा मिलेट्स महोत्सव

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** जिले में पोषण सुरक्षा, किसान समृद्धि एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा पहली बार ÷मिलेट्स महोत्सव÷ का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की विशेष पहल पर यह आयोजन 5 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगा।

इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं आम नागरिकों को मिलेट्स (श्रीअन्न) की खेती, पोषण मूल्य, स्वास्थ्य लाभ एवं विपणन संभावनाओं से व्यापक रूप से अवगत कराना है। यह आयोजन जिले को स्वस्थ समाज और आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में एक नई पहचान दिलाने की ओर अग्रसर करेगा। महोत्सव के दौरान जिले में उत्पादित कोदो, कुटकी, रागी सहित विभिन्न प्रकार के मिलेट्स एवं उनसे तैयार पोषक, स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उपस्थित नागरिक इन व्यंजनों का स्वाद लेकर मिलेट्स आधारित खानपान को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर को और भी गरिमामयी बनाते हुए पद्मश्री सम्मानित डॉ. खादर वल्ली विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

वे किसानों एवं नागरिकों को मिलेट्स के नियमित सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभ, जीवनशैली में इसके महत्व, मधुमेह, हृदय रोग एवं पाचन संबंधी समस्याओं में इसकी भूमिका तथा वैज्ञानिक खेती एवं विपणन के अवसरों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज मनाई जाएगी श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी की जयंती

**पत्थलगांव।** श्री गुरु सिंह सभा सिख पंथ के दसवें गुरु धन श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व को समर्पित 5 जनवरी 2026 को श्री गुरुद्वारा साहिब पत्थलगांव में विशेष दीवान सजेगा उक्त जानकारी श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार हरजीत सिंह भाटिया ने देते हुए बताया कि विगत 30 दिसंबर से 5 दिनों तक नगर में भक्ति भावना से प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें समूह संगत ने भाग लिया वहीं 3 जनवरी से श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ हुए है जिसकी समाप्ति 5 जनवरी प्रातः 10.30 बजे होगी पश्चात 1 बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा इसके बाद गुरु का लंगर प्रसाद वितरित होगा, शाम को पुनः 6 बजे से 8 बजे तक दीवान होगा जिसमें दरबार साहिब के हजूरी जत्थे एवं संगत द्वारा शब्द, कीर्तन होगा, इस दौरान नगर के चौक को श्री गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी के पोस्टर लगा कर सजाए गए है। वही गुरुद्वारा को जगमग करती लाइटिंग से खूब सजाया गया है।

### नगर निगम जगदलपुर द्वारा 31 दुकानों की नीलामी के लिए टेंडर आमंत्रित

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम जगदलपुर द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्थित दुकानों एवं एक हाल की नीलामी बंद लिफाफा प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। इसके लिए निविदा प्रपत्र लेने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। नगर निगम द्वारा जिन स्थानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं, उनमें – संजय मार्केट की 08 छोटी दुकानें, लालबाग के पास स्थित एक हाल, पुराना बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स,बैला कोठा कॉम्प्लेक्स,गीदम रोड गुंडाधुर पार्क के बाजू की दुकानें,नया बस स्टैंड परिसर के पीछे स्थित दुकानें – शामिल हैं। इच्छुक व्यक्ति निविदा से संबंधित अधिक जानकारी नगर निगम के राजस्व विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। यह टेंडर प्रक्रिया महापौर संजय पांडे एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के निर्देश पर तथा आयुक्त प्रवीण वर्मा के मार्गदर्शन में जारी की गई है। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निविदा फार्म लेने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 है ठीक है और निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 समय शाम 04 बजे रखा गया है तथा कुल 31 दुकानों के लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

### रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर सरगुजा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चालकों को दी गई सख्त चेतावनी

**अम्बिकापुर।** जिला सरगुजा में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में, सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, सरगुजा पुलिस ने रिंग रोड एवं आसपास के प्रमुख मार्गों पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की है। बीते दिन 03 जनवरी को बस स्टैंड सहायता केंद्र और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने रिंग रोड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क के किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण यातायात बाधित होता पाया गया, जिस पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर ही चालानी कार्रवाई की। टीम ने सड़क पर खड़े ट्रक और बस चालकों को कड़ी समझाइश देते हुए वहां से वाहन हटवाए। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि रिंग रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर भारी वाहनों का खड़ा होना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह गंभीर दुर्घटनाओं को भी आमंत्रण देता है।

# मंत्री रामविचार नेताम ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



### सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों का सूरजपुर के विद्यार्थी करेंगे शैक्षणिक भ्रमण

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण को कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सूरजपुर जिले के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं तकनीकी संस्थानों इंदिरा गांधी कृषि अनुसंधान केंद्र, आकाशवाणी केंद्र, दरिमा हवाई पट्टी, ठिनठिनी पत्थर तथा संजय पार्क का भ्रमण कराया जा रहा है। छात्र-छात्राएं महिला एवं पुरुष गाइड शिक्षकों के नेतृत्व में इन संस्थानों का अवलोकन कर आधुनिक कृषि तकनीक, रेडियो प्रसारण प्रणाली तथा हवाई यातायात संचालन से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करना है, जिससे उनका शैक्षणिक विजन व्यापक हो और वे पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन के अनुभव प्राप्त कर सकें। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है।

इस अवसर पर पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवीजन सर्वश्री मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, कौशल प्रताप सिंह, संत सिंह, अरविंद मिश्रा, राजेश महलवाला, शंकर जिंदिया, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, शैलेश अग्रवाल, देव गुप्ता, अशोक अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थित रही।

शैक्षणिक विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक मनोज कुमार साहू, एपीसी शोभनाथ चौबे, बीआरपी गाइड शिक्षक टंडन, विनोद यादव, हर्ष नारायण शर्मा, गौतम शर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, श्री अजय उपाध्याय, श्रीकांत पाण्डेय, लौकेश साहू एवं श्रीमती ज्योति साहू उपस्थित थी।



## ओपी चौधरी वित्त मंत्री ने किया प्रगतिशील पेंशनर संघ के कैलेंडर का विमोचन

समवेत शिखर संवाददाता

**रायगढ़/जांजगीर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेशनर कल्याण संघ प्रान्तीय शाखा के वार्षिक वाल कलैण्डर का श्री ओ.पी.चौधरी वित्त मंत्री.छ.ग.शासन के कर कमलो से किया गया ।उक्त अवसर पर वित्त मंत्री द्वारा प्रदेश के सभी पेंशनर एवं वरिष्ट नागरिको को छत्तीसगढ़ के विकास मे विशेष योगदान देने की अपील के साथ नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

संघ के कैलेण्डर विमोचन वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के रायगढ़ निवास मे दिनांक 3 जनवरी26 को पेशनर संघ के एक सक्षिप्त और गरिमामयी समारोह में संपन्न हुआ। विमोचन समारोह के इस अवसर पर संघ के प्रान्ताध्यक्ष आरके थवाईत, जिलाध्यक्ष रायगढ़ गोपाल नायक.प्रान्तीय महामंत्री देवेन्द्र कुमार पटेल.उप प्रान्ताध्यक्ष. अरूण वर्मा.प्रान्तीय प्रवक्ता एवं जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा संतोष राठौर.प्रांतीय सचिव अशोक राठौर.रायगढ़ जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह ठाकुर.वांय के पण्डा.लोचन नायक.सचिव भूपेश चौबे.कोशाध्यक्ष अशोक राठौर.कार्यकारिणी सदस्य फिरतु दास महंत.केशव उपाध्याय.रूप राम पटेल.ज्वाला प्रसाद पटेल.श्री नंदे आदि पेंशनर उपस्थित रहे। पेशनर संघ के प्रान्ताध्यक्ष आरके थवाईत द्वारा पेशनरो के लिये 3त्र पेशन राहत और कर्मचारियो के लिये मंहगाई भत्ता शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह वित्त मंत्री जी से किया गया. वित्त मंत्री जी द्वारा अतिशीघ्र लाभ देने की बात कही गई।

संघ प्रतिनिधियो द्वारा वित्त मंत्री का धन्यवाद और आभार ब्यक्त किया गया। उक्त जानकारी संघ के प्रान्ताध्यक्ष आर.के.थवाईत. प्रान्तीय महामंत्री देवेन्द्र कुमार पटेल एवं गोपाल प्रसाद नायक जिलाध्यक्ष रायगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया

## भारी मात्रा में प्रतिबंधित अवैध नशीला मादक पदार्थ बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे के सौदागरों तथा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे प्रतिबंधित अवैध डोडा का चुरा तथा अफ़ीम बिक्री करने के लिए परिवहन करने हेतु बस का इंतजार करने वाले एक आरोपी को को बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि थाना बोधघाट में दिनांक 02.01.2026 के रात्री को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि करीबन एक 25-30 साल का व्यक्ति जो लाल रंग का लोवर तथा जैकेट पहना है, जो अपने कब्जे के काले रंग बैग मे अवैध नशीली मादक पदार्थ डोडा का चुरा तथा अफ़ीम रखकर बिक्री करने के लिए परिवहन करने हेतु नया बस स्टैंड जगदलपुर मे खड़ा होकर बस का इंतजार कर रहा है, कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के दिशानिर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक श्री माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी बोधघाट अन्य थाना स्टाफ के साथ टीम बनाकर सूचना की तस्दीकी तथा कार्यवाही हेतु तत्काल नया बस स्टैंड के पीछे जाकर देखे मुखबीर के बताये हुलिये का व्यक्ति मिले जिसे हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर पकड़े जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम मनीष चांडक पिता चतुर्भुज चांडक उम्र 30 साल निवासी आयप्पा मंदिर के पास नया मुंडा जगदलपुर का रहने वाला है।

## लोरमी राजघराने का बेटा एटीआर कोर जोन में घुसा, चलाई गोलियां

### जीजा संग हथियार लहराते घूमा, आग जलाई, दबंग अंदाज में फोटो खिंचवाई

समवेत शिखर संवाददाता



**मुंगेली।** मुंगेली जिले में स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में 4 हथियारबंद युवक घुस गए। वहां फायरिंग करते हुए वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। प्रतिबंधित क्षेत्र में युवकों ने आग भी जलाई। दबंग और शिकारी के अंदाज में पोज मारकर फोटो खिंचवाई।

वायरल वीडियो में म्यूजिक और पुलिस सायरन बजते भी सुनाई दे रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए बैरियर गार्ड को हटा दिया है। रेंजर को नोटिस जारी किया है। वहीं वन विभाग ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक नाबालिग आरोपी फरार है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अजीत दास (26), अनिकेत मौर्य (27), विक्रांत वैष्णव (32) शामिल है। आरोपियों से 2 एयर राइफल और एक टाटा सफारी वाहन जब्त किया गया है। अजीत दास लोरमी राजघराने का बेटा है। विक्रांत वैष्णव अजीत का जीजा है। बाकी आरोपी उसके दोस्त बताए जा रहे हैं।

जब्त की गई टाटा सफारी गाड़ी अजीत दास की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी अक्सर ्ञक्र के कोर जोन में जाते थे, लेकिन इस बार रीलबाजी के चक्कर में फंस गए।

**जांच नाके पर भी की दबंगई :** वायरल वीडियो के मुताबिक 4 हथियारबंद युवकों ने जांच नाके में भी दबंगई करते हुए शूट किया है। जिस नाबालिग युवक ने वीडियो शूट किया है वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। हालांकि, वीडियो में दिख रहे तीनों युवकों को पकड़ा गया है। वीडियो वायरल होने के बाद वन्यजीव प्रेमियों ने नाराजगी जताई है। बता दें कि एक जनवरी से अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में घूमने आने वाले सैलानियों की संख्या काफी बढ़ गई है। बफर को छोड़कर कोर जोन में शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के अलावा टाइगर भी हैं। जानकारी के अनुसार सुरही और जाखड़बांधा वन परिक्षेत्र के कोर जोन में ये वीडियो बनाया गया है। वीडियो में युवक बेखौफ होकर फायरिंग करते दिख रहे हैं।

## सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर।** कौशल्या निवास पर वीर बजरंगी हनुमत की कृपा बनाए रखने के लिए सबके अंदर ओज तेज शक्ति प्रदान करने वाला सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें श्री हरि महिला मानस मंडली जांजगीर को आमंत्रित किया गया था। जिसमें श्री हरि महिला मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू की टीम ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमत भजन कर कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय वातावरण से ओतप्रोत कर दिया।समिति के अध्यक्ष चमेली साहू ने हारमोनियम पर भजन की अनोखी श्रृंखला पेश करते हुए सभी को भजन में झूमने के लिए मजबूर कर दी ।सुंदरकांड पाठ कर सुख समृद्धि की कामना वीर बजरंगी की कृपा सब पर बनी रहे इस भाव के साथ पाठ किया गया। इस दौरान श्रीमति शशि साहू, श्रीमति सरोजनी साहू, श्रीमति कौशल्या साहू, श्रीमति कमला राठौर,श् ीमति नंदनी श्रीवास्तव, श्रीमति उषा झा, श्रीमति सिद्धि तिवारी,श्रीमति महेश्वरी साहू, श्रीमति गायत्री साहू,श्रीमति रामकुमारी साहू,श्रीमति लक्ष्मीन साहू,श्रीमति अंजली साहू, श्रीमति सपना साहू, श्रीमति अंबिका साहू,अर्चना साहू,शुभी साहू, सहित अधिसंख्य विशेष रूप से सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में शामिल रहे। आयोजन कर्ता द्वारा मानस मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू सहित उनके टीम को सम्मानित किया गया।

## सड़े चावल की सप्लाई पर बवाल, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

- बदबूदार चावल पहुँचा मध्यान्ह भोजन तक, गरीबों के स्वास्थ्य से गंभीर खिलवाड़
- गिरधर जायसवाल ने खाद्य विभाग और राइस मिलरों पर साधा निशाना

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों को वितरित किए जा रहे सड़े और गुणवत्ता विहीन चावल का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विगत कई महीनों से उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को बदबूदार और खाने योग्य न होने वाला चावल दिए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं। इस गंभीर मामले पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के कलेक्टर कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

गिरधर जायसवाल ने कहा कि सरकार भोजन का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क अथवा अत्यंत कम दर पर चावल उपलब्ध कराती है, लेकिन जिले में खाद्य विभाग की लापरवाही और मिलीभगत के चलते वही गरीब परिवार सड़ा चावल खाने को मजबूर हैं। यह न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि सीधे तौर पर आम लोगों के स्वास्थ्य और जीवन के साथ खिलवाड़ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने खाद्य विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त जांच टीम गठित कर जांच कराई थी। जांच में ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई और यह पुष्टि हुई कि कई पीडीएस दुकानों पर वास्तव में सड़ा चावल सप्लाई किया गया। इसके बावजूद अब तक न तो जिम्मेदार अधिकारियों पर और न ही चावल की सप्लाई करने वाले राइस मिलरों पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है, जो अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। गिरधर जायसवाल ने सवाल उठाया कि चावल की गुणवत्ता जांच के बाद ही उसे खाने योग्य प्रमाणित कर पीडीएस दुकानों तक पहुंचाया जाता है, फिर आखिर किस दबाव में सड़े चावल को खाने योग्य घोषित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि खाद्य विभाग ने अपनी नाकामी और मिलीभगत को छुपाने के लिए गलत प्रमाण पत्र जारी किए। जांच के दौरान एसडीएम द्वारा गठित टीम में शामिल तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर प्राथमिक शालाओं और पीडीएस दुकानों की स्थिति का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 1 की प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन के लिए उठाए गए चावल को जांच में खाने योग्य नहीं पाया गया। स्वयं प्रधानाचार्य ने पंचनामा तैयार कर कलेक्टर को लिखित शिकायत दी। इसके अलावा नायब तहसीलदार जागृति के नेतृत्व में जांच टीम ने स्कूल पहुंचकर मध्यान्ह भोजन में पक रहे चावल का निरीक्षण किया, जहां दुर्गंधयुक्त और पाखंड लगे चावल पाए गए।

## कांगेर घाटी में मिली अनोखी 'ग्रीन गुफा', जल्द खुलेंगे पर्यटन के नए द्वार

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अपनी अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध जैव विविधता और विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के लिए देश-विदेश में विख्यात है। इसी कड़ी में अब कांगेर घाटी में एक और अनोखी प्राकृतिक स्थलाकृति सामने आई है, जिसे ÷ग्रीन केव÷ (ग्रीन गुफा) नाम दिया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा पर्यटन और वन्य धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। वन मंत्री श्री कश्यप ने स्पष्ट किया है कि ग्रीन गुफा के पर्यटन मानचित्र में शामिल होने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटन को नया आयाम मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय विकास को गति प्राप्त होगी और शीघ्र ही पर्यटक इस अद्भुत गुफा की प्राकृतिक खूबसूरती का प्रत्यक्ष अनुभव कर सकेंगे। वन विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण किए जाने के बाद शीघ्र ही इस गुफा को पर्यटकों के लिए खोले जाने की योजना है।

उल्लेखनीय है कि यह ग्रीन गुफा कोटुमसर परिसर के कंपार्टमेंट क्रमांक 85 में स्थित है। गुफा की दीवारों और छत से लटकती चूने की आकृतियों (स्टैलेक्टाइट्स) पर हरे रंग की सूक्ष्मजीवी परतें पाई जाती हैं, जिसके कारण इसे ÷ग्रीन केव÷ नाम दिया गया है। चूना पत्थर और शैल से निर्मित यह गुफा कांगेर घाटी की दुर्लभ और विशिष्ट गुफाओं में से एक मानी जा रही है।

ग्रीन गुफा तक पहुंचने का मार्ग बड़े-बड़े पत्थरों से होकर गुजरता है। गुफा में प्रवेश करते ही सूक्ष्मजीवी जमाव से ढकी हरी दीवारें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। आगे बढ़ने पर एक विशाल कक्ष दिखाई देता है, जहां से भीतर की ओर चमकदार और विशाल स्टैलेक्टाइट्स तथा फ्लो-स्टोन (बहते पानी से बनी पत्थर की परतें) देखने को मिलती हैं, जो गुफा की प्राकृतिक भव्यता को और भी बढ़ा देती हैं।

घने जंगलों के मध्य स्थित यह गुफा अपनी अनोखी संरचना और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण केंद्र बनने जा रही है। वन विभाग द्वारा गुफा की सुरक्षा एवं नियमित निगरानी की जा रही है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहुंच मार्ग, पैदल पथ तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास कार्य प्रगति पर है। वन विभाग द्वारा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के पर्यटन विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस पहल में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवासन तथा प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) श्री अरुण पांडे का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## इंदौर में जहरीले पानी से अब तक 16 मौतें प्रदेशभर में कांग्रेस का घंटा बजाकर प्रदर्शन

### पटवारी बोले- ये हत्या हैं, मंत्री विजयवर्गीय और महापौर इस्तीफा दें



**इंदौर (ए)।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 16 मौतें हो चुकी हैं। 150 लोग अभी भी अस्पतालों में भर्ती हैं। अलग-अलग हॉस्पिटल के आईसी में भर्ती लोगों को एक जगह शिफ्ट किया जा रहा है। शनिवार शाम 6 बजे के बाद ऐसे 12 मरीज बॉम्बे हॉस्पिटल के आईसी में लाए गए।

वहीं भागीरथपुरा इलाके में बोरिंग में भी लीकेज की जांच की जा रही है। रहवासी ललित ने बताया कि अभी पीने के पानी की सप्लाई टैंकर के जरिए ही की जा रही है। साफ पानी की मांग को देखते हुए अब गलियों में बिसलेरी से भरी गाड़ियां भी घूमने लगी हैं। वहीं रविवार सुबह से कांग्रेस प्रदेश भर में भाजपा विधायकों और सांसदों के बंगले के बाहर घंटा लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी सिलसिले में कांग्रेस कार्यकर्ता भोपाल में भाजपा सांसद आलोक शर्मा के बंगले के बाहर घंटा बजाते हुए पहुंचे। यहां रघुपति राघव राजाराम. भजन गाया। मंदसौर में भी कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और सांसद सुधीर गुप्ता के आवास का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान डिप्टी सीएम के बंगले के बाहर कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी नोक-झोंक हुई। कार्यकर्ता बैरिकेड लांघकर बंगले के गेट तक पहुंच गए। इधर कटनी में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल के बंगले के बाहर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक और नारेबाजी हुई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*

(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com